

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 16

ग्वालियर, मंगलवार 11 अक्टूबर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## मुलायम सिंह यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षतिः मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक-संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया मुलायम सिंह यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि बेहद साधारण परिवेश से आए मुलायम सिंह यादव की उपलब्धियां असाधारण थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 'धरती पुत्र' मुलायम जमीन से जुड़े दिग्गज नेता थे। उनका सम्मान सभी दलों के लोग करते थे। उनके परिवार-जन एवं समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक-संवेदनाएं। उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को 82 वर्ष की उम्र में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर सोमवार को शोक जताया और कहा कि आपातकाल के दौरान वह लोकतंत्र के प्रमुख सिपाही थे और रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने देश को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ज्ञात हो कि मुलायम सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पीएम मोदी ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



पीएम मोदी ने ट्वीट किया दोनों लोग जब मुख्यमंत्री थे, तब हमारे बीच लगातार बातचीत हुआ करती थी और यह सिलसिला आगे भी जारी रहा। मैं महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनसे उनकी राय भी लेता था। उनके निधन से मुझे गहरा दुःख पहुंचा। उनके परिवार और उनके समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने सुदीर्घ जीवनकाल में उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया। वह आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के प्रमुख सिपाही के रूप में सामने आए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संसद की कार्यवाही के दौरान उनके हस्तक्षेप भी बहुत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रहित में हुआ करते थे। मुलायम सिंह यादव को एक जमीनी नेता के रूप में याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोगों की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने कहा कि नेताजी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आदर्शों के प्रचार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**सीएम केजरीवाल ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया:** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक-संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि मुलायम सिंह यादव का सोमवार को गुरुग्राम में उपचार के दौरान 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ हफ्तों से बहुत खराब चल रहा था, जिसके बाद उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके सभी प्रशंसकों और परिजनों को ये अपार दुख सहने की शक्ति दें। ओम शांति।

**सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में मुलायम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता = प्रियंका:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुःख जताते हुए कहा कि पूर्व रक्षामंत्री एवं सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला। भारतीय राजनीति में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत सरकार के रक्षा मंत्री व सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में उनका अतुलनीय योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## शोषितों, वंचितों के लिए मुलायम सिंह के संघर्ष को सदैव याद रखा जाएगा : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिग्गज नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुःख जताया है। सोनिया गांधी ने कहा देश के रक्षामंत्री और यूपी के सीएम के रूप में मुलायम सिंह के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सोनिया गांधी ने कहा मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर सुनकर बेहद दुखी हूं। उन्होंने कहा समाजवादी विचारों की एक मुखर आवाज आज मौन हो गई। अपने शोक संदेश में सोनिया गांधी ने कहा 'देश के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में मुलायम सिंह का योगदान अविस्मरणीय है। उससे कहीं ज्यादा, शोषितों और वंचितों के लिए उनके किए गए संघर्ष को सदैव याद किया जाएगा। सोनिया गांधी ने कहा कि देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए जब भी जरूरत पड़ी, उनका साथ हमेशा कांग्रेस को मिला। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। उनके परिवार और समर्थकों के लिए यह अत्यंत दुःख की घड़ी है। मेरी संवेदनाएं अखिलेश यादव और उनके परिजनों के साथ है। दिवंगत आत्मा को नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि। मुलायम सिंह यादव के निधन पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी दुख व्यक्त किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि 'मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला।



## खास खबर

### मलेशिया के प्रधानमंत्री याकूब ने जल्द आम चुनाव कराने के लिए भंग की संसद

**क्वालालांपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी याकूब ने घोषणा की कि जल्द आम चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त करते हुए उन्होंने सोमवार को संसद को भंग कर दिया है। देश में आम चुनाव नंवबर की शुरुआत में कराए जा सकते हैं। संसद का कार्यकाल समाप्त होने की अवधि से नौ माह पहले इसे भंग किया गया है। इस्माइल साबरी याकूब के 'यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन' (यूएमएनओ) ने जल्दी चुनाव कराने का आह्वान किया था। यूएमएनओ, सत्तारूढ़ गठबंधन का सबसे बड़ा घटक दल है, जिसका अपने सहयोगी दलों के साथ विवाद चल रहा है। चुनाव कराने का मकसद अपने दम पर बड़ी जीत हासिल करना है। निर्वाचन आयोग मतदान की तारीख की घोषणा करने के लिए एक सप्ताह के भीतर बैठक कर सकता है।

### मध्य वेनेजुएला में लगातार बारिश से भूस्खलन में 22 लोगों की मौत

**लास तेजेरियास।** मध्य वेनेजुएला के शहर में कई दिन से जारी लगातार बारिश से हुए भूस्खलन में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। सैंटोस मिशेलेना के लास तेजेरियास में पहाड़ी इलाकों से बहकर आए मलबे के कारण 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 अन्य लोग अब भी लापता हैं। उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने बताया कि अभी तक 22 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई थी। उन्होंने कहा, लास तेजेरियास के मध्य क्षेत्र में भीषण भूस्खलन हुआ।'' इस क्षेत्र में पांच नदियों में बाढ़ आ गई है। रोड्रिग्ज ने कहा, हमें 22 लोगों के शव मिले हैं, और 55 लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा, अब भी कई लोग फंसे हुए हैं, हम उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के कारण जिन लोगों के मकान तबाह हो गए हैं, उनके लिए आश्रयस्थल बनाए जाएंगे। वेनेजुएला में पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण देश के 23 राज्यों में से 11 में बाढ़ आ गई है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में बचावकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों सहित 20,000 अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### लुधियाना सेंट्रल जेल में सर्च आपरेशन, 6 मोबाइल और 55 पाउच जर्दा बरामद

**लुधियाना।** लुधियाना सेंट्रल जेल से मोबाइल फोन व प्रतिबंधित वस्तुओं का मिलना निरंतर जारी है। पुलिस ने 6 मोबाइल और 55 पाउच जर्दा (तंबाकू) बरामद किया है। उनमें से 5 मोबाइल तथा 54 पाउच जर्दा लावारिस हालत में मिले, जबकि एक मोबाइल व एक पाउच जर्दा दो हवालातियों के कब्जे से बरामद किए। हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट सतनाम सिंह की शिकायत पर अज्ञात कैदियों व हवालातियों के खिलाफ एक केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर को सेंट्रल जेल की बैरक नंबर 1 तथा 4 के बाथरूम में से 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए। जबकि बैरक नंबर 6 में ली गई तलाशी के दौरान 54 पैकेट जर्दा बरामद किया गया। कैदी व हवालातियों ने प्रतिबंधित वस्तुओं को जेल में रखकर नियमों का उल्लंघन किया है। एएसआइ गुरमीत सिंह ने बताया कि दूसरे केस में पुलिस ने सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट कश्मीर लाल की शिकायत पर कैदी दलजीत सिंह तथा हवालाती अमनिंदर सिंह उर्फ प्रिंस को नामजद किया है। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को जेल में हुई सर्च के दौरान दोनों आरोपितों के कब्जे से एक मोबाइल तथा एक पाउच जर्दा बरामद किया गया।

## किडनी ट्रांसप्लांट करने आज सिंगापुर जाने वाले हैं लालू प्रसाद यादव

### बेटी रोहिणी रहेगी उनके साथ

**पटना।** राजद सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव सिंगापुर जाने वाले हैं। लालू सिंगापुर में अपनी बेटी रोहिणी आचार्या के यहां रहकर अपना इलाज कराएंगे। लालू को किडनी में समस्या है। सिंगापुर में किडनी से जुड़ी बीमारी के ठीक होने का प्रतिशत काफी अच्छा है। इसकारण, लालू ने इलाज के लिए सिंगापुर को चुना है। लालू मंगलवार को शुभ दिन पर सिंगापुर रवाना होने वाले हैं। इसके पूर्व मीडिया से बात कर लालू ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। लालू ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त कर कहा कि हमने, नेताजी और शरद यादव ने सदन को लड़ाकू बनाया। लालू सिंगापुर में ही किडनी ट्रांसप्लांट कराना चाहते हैं। इसकी कुछ खास वजहें हैं। पहली वजह ये कि उनकी बेटी रोहिणी वहीं रहती हैं। उनके पति समरेश सिंह लालू के दोस्त राय रणविजय सिंह के बेटे हैं। वे सिंगापुर में कम्प्यूटर इंजीनियर हैं। बेटी-दामाद के रहने के कारण लालू को सिंगापुर में इलाज करवाने में आसानी रहेगी। दूसरी बात, कि सिंगापुर में किडनी ट्रांसप?लांट की सफलता का आंकड़ा भारत से बेहतर है। वहां जीवित डोनर से किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता दर 98.11 प्रतिशत है। वहीं, मृत डोनर से ट्रांसप्लांट की सफलता दर 94.88 प्रतिशत है।



## रूसी सैनिकों ने राजधानी कीव और असपास के कई शहरों पर बरसाई घातक मिसाइलें, 8 लोगों की मौत कई घायल

**कीव।** पिछले कुछ माह की शांति के बाद सोमवार को रूस ने अचानक हमले तेज करते हुए यूक्रेन की राजधानी केवी कीव समेत उसके कई शहरों पर मिसाइल से हमले किए। यूक्रेन के गृह मंत्रालय के सलाहकार रोस्तिस्लाव स्मिरनोव ने बताया कि कीव में किए गए हमलों में कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है जबकि 24 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेनवासियों से मजबूती से डटे रहने की अपील करते हुए कहा रूस हमें नष्ट करने और पृथ्वी से हमारा नामो-निशान मिटाने की कोशिश कर रहा है। कीव के मेयर विताली क्लित्चको ने कीव के बीचों-बीच शेवचेंको में विस्फोट होने की जानकारी दी। इस इलाके में कई सरकारी कार्यालय हैं। यूक्रेन की संसद सदस्य लेसिया वासिलेंको ने मध्य कीव में स्थित 'कीव नेशनल यूनिवर्सिटी' की मुख्य इमारत के निकट हुए विस्फोट की तस्वीर ट्वीट की। कीव में आपात सेवा की प्रवक्ता स्वितलाना वोदोलागा ने बताया कि लोग हताहत हुए हैं और बचावकर्ता विभिन्न स्थलों पर काम कर रहे है।



रूस ने यूक्रेन में कई असैन्य क्षेत्रों और ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया। खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि खारकीव में तीन बार हमला किया गया, जिससे विद्युत एवं जलापूर्ति बाधित हो गई। इससे पहले कीव में जून में हमला किया गया था। पहले के हमलों में कीव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया गया था, लेकिन इस बार शहर के बीचों-बीच स्थित कई जगहों को निशाना बनाया गया है। यूक्रेनी मीडिया ने ल्वीव, तेरनोपिल, खमेलनित्सकी, जितोमिर और क्रोपिव्नित्स्की समेत कई अन्य स्थानों पर भी विस्फोट की जानकारी दी है। हाल में जपोरज्जिया समेत क्रीमिया के उत्तर में स्थित क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। रूस ने जपोरज्जिया में शनिवार को छह मिसाइलें दागीं थीं। ये हमले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अपनी सुरक्षा परिषद के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले हुए। यूक्रेन पर रूस के हमले को आठ महीने पूरे होने वाले हैं। इससे पहले, पुतिन ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर किए गए हमले को यूक्रेनी विशेष सेवाओं द्वारा किया गया आतंकी कृत्य करार दिया है।

## पारंपरिक संगीत और लोक नृत्यों के बीच पीएम मोदी आज करेंगे महाकाल लोक का लोकार्पण

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश की धर्मनगरी उज्जैन में पीएम नरेन्द्र मोदी का 11 अक्टूबर का दौरा कई मायनों में बेहद खास होने वाला है। पीएम मोदी उज्जैन में महाकाल परिसर में बने महाकाल लोक के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। पीएम मोदी का महाकाल लोक के उद्घाटन का कार्यक्रम महाकाल की विशेष पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगा। इसके बाद वे गर्भ गृह में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना करेंगे। पीएम मोदी शाम 6=30 बजे महाकाल प्रोजेक्ट के नंदी द्वार पर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 7=00 बजे कार्तिक मेला ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस विशाल जनसभा में साधु-संतों के साथ उज्जैन के स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी का शाम 5=30 बजे महाकाल की नगरी में आने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। पारंपरिक तरीके से डमरु, घंटा-घड़ियाल और संगीत में रुद्र घोष के साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा। पीएम मोदी महाकाल के दर्शन के बाद नंदी द्वार पर अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री महाकाल लोक में शिवलिंग की 16 फीट ऊंची प्रतिकृति का अनावरण करेंगे और महाकाल लोक में बने ऋषि कश्यप अत्रि भारद्वाज प्रतिमा का भी अवलोकन करेंगे। यहां पीएम मोदी विशेष वाहन से रुद्रसागर और दूसरी प्रति कृतियों को भी देखेंगे। उज्जैन में महाकाल लोक के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान भारतनाट्यम मोहिनीअट्टम कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत होंगे। प्रधानमंत्री शिव तांडव आधारित मलखान प्रस्तुतियों को भी देखेंगे।



## रुस का यूक्रेनियन को नष्ट कर उन्हें धरती के नक्शे से मिटा देने का प्रयास : जेलेंस्की

**कीव।** क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर हमले के बाद भड़के रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे भीषण हमला किया है। राजधानी कीव सहित पूरे यूक्रेन में कई विस्फोटों की खबरों के बीच देश के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर यूक्रेनियन को ÷नष्ट करने और उन्हें धरती के नक्शे से मिटा देने÷ का प्रयास करने का आरोप लगाया है। जेलेस्की ने कहा कि हम आतंकियों से जूझ रहे हैं। दर्जनों रॉकेट और ईरानी आत्मघाती ड्रोन हमला किया जा रहा है। उन्होंने हमले का ऐसा समय चुना है, जिससे की ज्यादा से ज्यादा नुकसान किया जा सके। यूक्रेन पर इस तरह के हमले के बाद जेलेंस्की भी भड़के हैं। उन्होंने इन हमलों को आतंकी साजिश बताया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने खुद वीडियो जारी करके अपने देश के लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि रूस आतंकी हमला कर रहा है, इसकारण घर के अंदर ही रहें। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि उनके दफ्तर के पास हमला किया गया है। उन्होंने कहा, रूस दो जगहों को टारगेट कर रहा है, एक है एनर्जी फैसिलिटी और दूसरा यूक्रेन के लोग।



### कीव में भीषण विस्फोट, 8 की मौत, 24 अन्य घायल

यूक्रेनी अधिकारी ने बताया कि कीव में रूसी मिसाइलों के हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। कीव में सोमवार तड़के कई जोरदार धमाके हुए। आने वाली मिसाइलों की आवाज़ के बाद कीव में बड़े विस्फोटों की सूचना मिली है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं थी। यूक्रेन के पश्चिम में ल्वीव, टेरनोपिल और ज़ाइटॉमिर में और मध्य यूक्रेन के डीनिप्रो में भी विस्फोट हुए। स्वितलाना वोडोलगा ने कहा कि बचावकर्मी अब विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे हैं। कीव में कुछ महीने अपेक्षाकृत शांति रहने के बाद तड़के कई विस्फोट हुए। कीव के मेयर विताली क्लित्चको ने कीव के बीचों-बीच शेवचेंको में विस्फोट होने की जानकारी दी। इस इलाके में कई सरकारी कार्यालय हैं। यूक्रेन की सांसद लेसिया वासिलेंको ने मध्य कीव में स्थित 'कीव नेशनल यूनिवर्सिटी' की मुख्य इमारत के निकट हुए विस्फोट की तस्वीर ट्वीट की।

## एसबीआई ने लोगों को बताया, किस तरह से आप स्कैम कॉल से निपट सकते

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने स्कैम कॉल से निपटने के लिए जरूरी टिप्स शेयर की है। बैंक ने 25 सेकंड की वीडियो क्लिप शेयर कर बताया है, कि कभी भी इस तरह के कॉल बैक न करें, इसतरह के एसएमएस का जवाब न दें, क्योंकि ये आपकी निजी/ वित्तीय जानकारी चुरा कर आपके साथ घोटाला कर सकते हैं। एसबीआई के द्वारा जारी वीडियो में बताया गया है कि कैसे घोटालेबाज लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। लोगों के पास अक्सर फोन आते हैं, कि उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। ग्राहकों के पास इस तरह के मैसेज आते हैं, प्रिय ग्राहक, आज रात 9.30 बजे बिजली कार्यालय से आपकी बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी, क्योंकि आपके पिछले महीने का बिल अपडेट नहीं किया गया था। कृपया तुरंत हमारे बिजली कार्यालय से संपर्क करें। एसबीआई ने ग्राहकों को बिजली विभाग द्वारा बिल भुगतान के लिए धोखाधड़ी वाले संदेशों का शिकार होने के खिलाफ चेतावनी दी है। इन कॉल और संदेशों से रहें सावधान किसी फोन नंबर या बैंक की ऑफिशियल आईडी से न आए संदेश से सावधान रहें। इसतरह के नंबर से, जो कॉल करके आपको तत्काल कार्रवाई करने के लिए कह रहा हो, किसी संदेश में वर्तनी या व्याकरण संबंधी गलतियां हो तब उन्हें अनदेखा करें, कोई ट्रांजेक्शन करने से पहले अकाउंट को वेरीफाई जरूर करें। दूसरी तरह, एसबीआई और बैंक ऑफ इंडिया सहित कई वित्तीय संस्थानों ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के बाद अपनी ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दी है।




## देश के 11 राज्यों में वर्षा का योग, यूपी में पिछले 48 घंटों में वर्षा जनित हादसों में 27 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश राज्यों से मानसून की वापसी हो चुकी है, लेकिन वर्षा का क्रम अब तक नहीं रुका है। पिछले कई दिनों से हो रही बरसात ने लोगों के लिए भारी परेशानी पैदा कर दी है। जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश हुई। पिछले 48 घंटों में वर्षा जनित हादसों में उत्तर प्रदेश में 27 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

भारी वर्षा की वजह से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए यूपी के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के झांसी, जालौन, बांदा, हमीरपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, हरदोई, कन्नौज, औरैया, इटावा, मैनपुरी जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा फर्रुखाबाद, एटा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद और मेरठ में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि अगले 2 दिनों के दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा आईएमडी ने बताया है कि अगले 5 दिनों के दौरान तमिलनाडु और रायलसीमा में और अगले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों में 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक भारी बारिश हो सकती है। वहीं कर्नाटक के उत्तरी हिस्सों में 10 और 11 अक्टूबर को बारिश हो सकती है। वहीं बिहार में 11 और 12 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 12 अक्टूबर तक बारिश की आशंका है। स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक 12 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बारिश कम हो जाएगी। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्वी और मध्य भागों व पूर्वी मध्य प्रदेश में 13 अक्टूबर तक कुछ हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इन राज्यों के कुछ और हिस्सों से 15 अक्टूबर तक मानसून की वापसी शुरू हो जाएगी।



## न्यूज़ ट्रैक....

### ईशान के आक्रामक अंदाज को देखकर हस्तक्षेप नहीं किया : अय्यर

**रांची।** श्रेयस अय्यर ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वह ईशान किशन से बात करना चाह रहे पर बाद में उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि ईशान बेहद आक्रामक अंदाज में बल्लेबाज कर रहे थे। अय्यर ने कहा कि वह ईशान के खेलने के तरीके में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे। ईशान ने इस मैच में चार चौके और पांच छक्के लगाकर 93 रनों की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी भी की जिससे भारतीय टीम यह मैच आसानी से जीत गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के ट्विटर हैंडल पर जारी एक वीडियो में अय्यर ने ईशान से कहा,'' मैं आपसे बात करना चाहता था पर आप बेहद आक्रामक होकर खेल रहे थे और लय में बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए मैं आपकी निजता में हस्तक्षेप नहीं चाहता था।'' अय्यर ने कहा,'' जो भी हो हमने मैच जीता और हमने जीत के साथ अंत किया। उम्मीद है कि अगले मैच में आप शतक लगायेंगे। इस बार जब आप शतक नहीं लगा पाये तो मैं निराश हो गया था।'' अय्यर ने भी इस मैच में शानदार शतकीय पारी खेली थी।

### ब्रॉड के बिना ही टेस्ट सीरीज के लिए पाक जाएगी इंग्लैंड टीम

**दन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड इस साल के अंत में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे। इसका कारण यह है कि ब्राड की पत्नी मौली किंग तब बच्चे को जन्म देने वाली हैं। ब्रॉड इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं और ऐसे में उनके नहीं रहने से टीम को करारा झटका लगेगा। गौरतलब है कि इंग्लैंड टीम करीब 17 साल बाद तीन मैचों की एक इस टेस्ट सीरीज के लिए पाक दौरे पर जाने वाली है। इस सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी, दूसरा मुल्तान और तीसरा कराची में खेला जाएगा। यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इस सीरीज से पहले अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। पाक टीम के साथ टेस्ट सीरीज एक दिसंबर से शुरु होगी। ब्रॉड ने इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 159 मैच खेलते हुए 293 पारियों में 27.8 की औसत से 566 विकेट लिए हैं।

### अंडर-17 महिला विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करेगी टीम : कोच

**भुवनेश्वर।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कोच थॉमस डेनर्बी ने कहा है कि मंगलवार से शुरु हो रहे फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में उनकी टीम अपनी क्षमताएं दिखाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। डेनर्बी के अनुसार इससे भारतीय टीम के पास महिला फुटबॉल में अपनी क्षमता दिखाने का अच्छा अवसर है। डेनर्बी ने कहा, %अब बात केवल परिणाम की नहीं है। हम यह बताना चाहते हैं कि भारतीय लड़कियां भी अच्छी फुटबॉल खेल सकती हैं। हमने अपने ग्रुप के अंदर लक्ष्य बनाये हैं, और हम उसमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। हम अमेरिका, ब्राज़ील और मोरक्को के खिलाफ गोल करके अंक हासिल करेंगे।% गौरतलब है कि महिला विश्व कप में भारतीय टीम अमेरिका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। डेनर्बी ने कहा, %हम इसमें अपने प्रदर्शन से लोगों को दिखा देंगे कि हमारे पास भी एक अच्छी टीम है। भारत आने वाले कुछ साल में एक सफल महिला टीम तैयार करेगा। इससे हम अधिक से अधिक लड़कियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# महिला एशिया कप : भारतीय टीम ने थाईलैंड को नौ विकेट से हराया

**प्लेयर आफ द मैच - स्नेह राणा**



**सिहलट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया कप महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में थाईलैंड के खिलाफ नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की है। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर थाईलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय गेंदबाजों के सामने थाईलैंड टीम टिक नहीं पायी और 15.1 ओवरों में ही 37 रनों पर ही आउट हो गयी। थाईलैंड की ओर से केवल एक बल्लेबाज नानपट कोंचानरियोनकाइ ही दो अंकों तक पहुंच पायी। कोंचरोएन्काई ने 19 गेंदों पर एक चौके की मदद से 12 रन बनाए। वहीं कप्तान नरुमोल चाईवाई ने 14 गेंदों पर 3 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौटती गयीं। भारतीय टीम की ओर से स्नेह राणा ने तीन जबकि राजेश्वरी गायकवाद और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि एक विकेट मेघना सिंह को मिला। इसके बाद जीत के लिए मिले 38 रनों के छोटे से लक्ष्य को भारतीय टीम ने केवल 6 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 8 रन पर ही आउट हो गईं। इसके बाद मेघना ने नाबाद 20 रन और पूजा वस्त्राकर ने नाबाद 12 रन बनाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंच दिया। इस मैच में शानदार गेंदबाजी ओर बल्लेबाजी के लिए स्नेह को प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड मिला। वहीं इस मैच में भारत टीम ने नियमित कप्तान हरमनप्रीत कोर को आराम दिया था। ऐसे में टीम की कप्तानी मंधाना के पास थी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और बेहतर बना ली है। अब भारत के 6 मैच से 10 अंक हो गए हैं। वहीं थाईलैंड ने इससे पहले लगातार तीन मैच जीते थे। उसने गत मलेशिया को 50 रन से हराया था। यूएई को 18 रन और पाकिस्तान को 4 विकेट से शिकस्त दी थी पर भारतीय टीम ने उसके विजयी अभियान को रोक दिया। भारतीय टीम पहले ही इस टूर्नामेंट के सेमीफाइन में पहुंच गयी है। उसके अब तक केवल एक मैच में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

# 2023 सत्र में भी सीएसके की ओर से खेलते नजर आयेंगे धोनी



**मुम्बई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में भी सीएसके की ओर से ही खेलते हुए नजर आयेंगे। इसी के साथ ही धोनी के आईपीएल से संन्यास की खबरों पर भी विराम लग गया है। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि वो अगले साल चेपॉक स्टेडियम में मिलेंगे। इससे पहले साल 2019 में धोनी ने सीएसके की ओर से अपने घरेलू मैदान पर खेला था। इसके बाद कोरोना के कारण साल 2020 में यह लीग यूएई में हुई थी। वहीं, 2021 में भी लीग का दूसरा चरण यूएई में ही खेला गया था।

वहीं आईपीएल-2022 का मुकाबला भी लीग स्तर पर मुंबई और पुणे में ही खेला गया था। इसके बाद क्वालिफायर और फाइनल मुकाबले कोलकाता और अहमदाबाद में हुए थे हालांकि इसके बाद से ही यह लीग होम (घरेलू जमीन) और अवे प्रारुप (घर से बाहर) के हिसाब से खेली जाने लगी। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद से ही वह केवल आईपीएल मुकाबलों में ही उतरे हैं।

धोनी हाल ही में एक कार्यक्रम में चेन्नई गए थे, वहां जब उनसे जब पूछा गया कि वे आईपीएल 2023 में खेलने वाले हैं तो धोनी ने कहा, 'हम अगले साल चेपॉक वापस आएंगे।' धोनी के इसी बयान को सीएसके के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर साझा किया गया है। उनकी एक तस्वीर भी इसके साथ शेयर की गई है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें धोनी की इस घोषणा के बाद प्रशंसक उत्साहित नजर आते हैं।

# रोनाल्डो के क्लब करियर में 700 गोल पूरे

**बार्सिलोना ।** पुर्तगाल के कप्तान और इंग्लैंड के मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू खेल में बरकरार है। 37 साल की के रोनाल्डो ने अपने क्लब करियर में 700 गोल का एक नया रिकार्ड बनाया है। रोनाल्डो ने 944 मैच में ये गोल किये हैं। रोनाल्डो ने अपना 700 वां गोल प्रीमियर लीग मुकाबले में एवर्टन के खिलाफ किया। रोनाल्डो ने अपने 700 गोल स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंट्स की ओर से खेलते हुए किये हैं। इस मुकाबले में एंथनी मार्शल की जगह बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी उतरे रोनाल्डो ने सत्र का अपना पहला प्रीमियर लीग गोल किया। उन्होंने इसके लिए केवल 14 मिनट का समय लिया। रोनाल्डो का उनके दूसरे कार्यकाल को मिलाकर यूनाइटेड की ओर से यह 144वां गोल था। उन्होंने मैच के 44वें मिनट में यह गोल किये। रोनाल्डो के इस गोल से मैनचेस्टर ने एवर्टन को 2-1 से हराया था। रोनाल्डो ने सबसे अधिक गोल रियल मैड्रिड की ओर से दागे हैं। उन्होंने इस क्लब की ओर से कुल 450 गोल किए हैं।

रोनाल्डो ने जुवेंट्स की ओर से 101 वां गोल जबकि स्पोर्टिंग क्लब की ओर से 5 और मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से 144 गोल किए हैं। यह कारनामा करने वाले रोनाल्डो विश्व के पहले फुटबॉलर बने हैं।

# टी20 विश्व कप के लिए नेट अभ्यास करते दिखे विराट



**वाका।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में है और उसने अभ्यास भी शुरु कर दिया है। भारतीय टीम को यहां अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलना है पर उसके पहले उसे चार अभ्यास मुकाबले खेलने होंगे। उसी को देखते हुए सभी खिलाड़ी अभ्यास में जुट गये हैं। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का भी एक ऐसा ही विडियो सामने आया है। इस वीडियो में विराट नेट पर पसीना बहाते हुए दिखे। विराट वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट एसोसिएशन (वाका) स्टेडियम में पसीना बहाते हुए दिखे। वहीं एक प्रशंसक ने विराट के इस वीडियो को ट्विटर पर भी साझा किया है, जिसमें वह नेट सत्र में अच्छे शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में विराट सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने तकरीबन तीन साल बाद एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाया था। यहा उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक था। ऐसे में विश्व कप में भी प्रशंसक उनसे इसी प्रकार की पारी की उम्मीद कर रहे हैं। विराट को हाल में तरोताजा होने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 मुकाबले में आराम दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने से पहले विराट कोहली वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेंगे।



*मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटोन के जियोर्डन पिकफोर्ड और मैनचेस्टर के मार्कस ।*

## व्यापार न्यूज

### दूसरे देशों के लोग भी ले सकेंगे अमूल दूध का स्वाद!

**नई दिल्ली।** देश में पैकेट बंद दूध की सबसे बड़ी विक्रेता कंपनी अमूल दूध का स्वाद जल्द ही दूसरे देश के नागरिक भी ले सकेंगे। मोदी सरकार भारतीय डेयरी उत्पाद को बढ़ावा देने और किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए एक योजना लेकर आई है।



केंद्रीय सहकारी मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि अमूल के साथ पांच अन्य सहकारी समितियों का भी विलय किया जाएगा जिससे एक बड़ी मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाइटी (एमएससीएस) का गठन होगा। विलय की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा डिजिटल खेती के जरिये प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देने की है। वर्तमान में द गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड अमूल ब्रांड के तहत अपने उत्पादों की बिक्री करती है। इस फेडरेशन में पांच अन्य सहकारी समितियों का विलय होने के बाद मल्टी स्टेट सहकारी समिति तैयार होगी जो अपने उत्पादों को अमूल ब्रांड के जरिये ही देश-विदेश में बेचेगी। अमित शाह ने कहा कि एमएससीएस का गठन होने और सर्टिफिकेशन के बाद अमूल दूध का निर्यात नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश में भी किया जा सकेगा। इसके साथ ही मुनाफे का पैसा सीधे किसानों के खाते में भेजने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि बिचौलिए की भूमिका खत्म की जा सके। इस निर्यात के लिए मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी एक एक्सपोर्ट हाउस की तरह काम करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था अभी दुनिया में पांचवें पायदान पर है और इसे दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए देश के पूर्वोत्तर राज्यों की भूमिका काफी अहम होगी।

# सितंबर में पांच महीने के उच्च स्तर पर जा सकती है खुदरा महंगाई

**12 अक्टूबर को सरकार जारी करेगी खुदरा महंगाई के आंकड़े**

**नई दिल्ली।** खुदरा महंगाई आरबीआई के काबू से बाहर होती जा रही है। रिजर्व बैंक इसे नीचे लाने की जितनी कोशिश कर रहा है, यह उतनी ही ज्यादा पहुंच से दूर हो रही है। अगस्त में 7 फीसदी का आंकड़ा छूने के बाद अब सितंबर में खुदरा महंगाई पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंचती दिख रही है। अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में पता चला है कि खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से सितंबर में खुदरा महंगाई के आंकड़े अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा हो सकते हैं। 24 अर्थशास्त्रियों के बीच सर्वे में पता चला है कि सितंबर में खुदरा महंगाई की दर 7.3 फीसदी पहुंच सकती है, जो अगस्त में 7 फीसदी रही थी। हालांकि अर्थशास्त्रियों ने अनुमान जताया है कि आने वाले कुछ महीनों में महंगाई फिर से कम हो जाएगी। इस अनुमान के




साथ ही यह लगातार 9वां महीना होगा जबकि खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक के तय दायरे से बाहर होगी। रिजर्व बैंक खुदरा महंगाई की दर को 6 फीसदी के अंदर सीमित रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल साल 2022 में एक बार भी महंगाई उसके दायरे में नहीं आई है। इस बार के सर्वे में भी खुदरा महंगाई की दर 7.03 फीसदी से 7.50 फीसदी के दायरे में रहने का अनुमान है। सरकार 12 अक्टूबर को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी करेगी। महंगाई में दोबारा उछाल आने से पहले जुलाई तक लगातार गिरावट दिखी थी। अप्रैल से जुलाई तक खुदरा महंगाई की दर लगातार नीचे जा रही थी, लेकिन अगस्?त से दोबारा इसमें उछाल आना शुरू हो गया है। अगर पिछले साल सितंबर के आंकड़े देखें तो खुदरा महंगाई की दर 4.35 फीसदी तक चली गई थी, जो 17 महीनों में सबसे कम रहा था। आरबीआई अभी तक खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो में 1.90 फीसदी की वृद्धि कर चुका है।

# सोना और चांदी की कीमत में गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक संकेतों से सोमवार को भारतीय बाजार में भी सोने और चांदी के भावों में गिरावट देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के मुकाबले चांदी के भाव में ज्यादा गिरावट आई। यही शुरुआती कारोबार में भारतीय वायदा बाजार में देखा जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमएसएक्स) पर सोने का भाव सोमवार को शुरुआती कारोबार में 0.75 फीसदी लुढ़क गया है। वहीं चांदी के भाव में बड़ी गिरावट आई है और यह एमसीएक्स पर यह 2.04 फीसदी कमजोर हुई है। एमसीएक्स पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 392 रुपए गिरकर 51,585 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव सोमवार को 51,685 रुपए पर खुला था। खुलने के बाद भाव एक बार 51,540 रुपए हुआ। थोड़ी देर बाद यह 45 रुपए चढ़कर 51,585 रुपए हो गया। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के भाव में भारी गिरावट आई है। चांदी की कीमत 1,239 रुपए टूटकर प्रति किलो 59,546 रुपए हो गई है। चांदी में कारोबार 60,000 से शुरू हुई। एक बार भाव गिरकर 59,501 रुपए हो गया लेकिन कुछ समय बाद इसमें थोड़ा सुधार हुआ और भाव 59,546 रुपए पर हो गया। वैश्विक बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोने और चांदी के भावों में गिरावट आई है। सोने का हाजिर भाव 0.35 फीसदी गिरकर 1,689.01 डॉलर प्रति औंस हो गया है। शुक्रवार को भी सोने का भाव 0.41 फीसदी गिरा था। सोने के साथ ही चांदी के भाव में भी गिरावट आई है।

## कमजोरी के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

**-सेंसेक्स में 800 अंक की गिरावट और निफ्टी 17,064.70 पर**



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांकों में भारी गिरावट हुई और इस दौरान संसेक्स 826 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 825.61 अंक गिरकर 57,365.68 पर था, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 249.95 अंक गिरकर 17,064.70 पर आ गया। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर, पावर ग्रिड बढ़त दर्ज करने वाला अकेला शेयर था। अन्य एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग के बाजार लाल निशान में थे। शुक्रवार को सेंसेक्स 30.81 अंक की गिरावट के साथ 58,191.29 पर बंद हुआ था। निफ्टी 17.15 अंक टूटकर 17,314.65 पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को 17,094.35 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में 10 बजकर 17 मिनट पर यह 239 अंक की गिरावट के साथ 17,075 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में निफ्टी अधिकतम 17,149.65 अंक तक और न्यूनतम 17,064.70 अंक तक गया। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी टीसीएस में 0.45 फीसदी दिखाई दी। वहीं पावरग्रिड 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। सबसे अधिक गिरावट एचडीएफसी में 2.25 फीसदी देखने को मिली। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,250.77 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### आईडीबीआई में बोली लगाने पहले चरण में सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी खरीद के लिए बोलियां लगाने वाले संस्थानों के लिए पहले चरण में गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है। अभी तक केंद्रीय नियंत्रण वाले सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) के निजीकरण की प्रक्रिया में शामिल होने वाली बोलीदाता कंपनियों के लिए दूसरे चरण में सुरक्षा मंजूरी लेने की बाध्यता होती थी। इस अनिवार्यता के बाद रुचि पत्र (ईओआई) दायर करने के दौर में पात्र पाई जाने वाली कंपनियों को वित्तीय बोलियां लगाने के समय गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी। सार्वजनिक परिसंपत्तियों के विनिवेश का नियमन करने वाले निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने यह जानकारी दी।

# पेट्रोल और डीजल कुछ राज्यों में सस्ता

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 97.74 डॉलर प्रति बैरल**



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच सोमवार को मामूली गिरावट देखने को मिली है। हालांकि यह कीमतें पिछले महीने के स्तर से काफी ऊपर हैं। सोमवार को ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 97.74 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई 92.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इधर देश की सरकारी तेल कंपनियों ने सुबह पेट्रोल-डीजल की नई कीमत जारी कर दी है। देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 0.49 रुपए गिरकर 106.36 और डीजल 0.45 रुपए गिरकर 92.88 रुपए, मध्य प्रदेश में भी पेट्रोल 0.27 रुपए गिरकर 109.43 रुपए और डीजल 0.24 रुपए गिरकर 95 रुपए, उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 28 पैसे सस्ता होकर पेट्रोल 96.35 रुपए और डीजल 89.52 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा गुजरात, झारखंड समेत कुछ अन्य राज्यों में कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# शरीर में फाइबर की कमी, अनेक रोगों का जनक



फाइबर की कमी पेट ही नहीं अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी खड़ी कर सकती है। फाइबर एक तरह का कार्बोहाइड्रेट ही होता है जो पेट में आसानी से नहीं पचता है। ये कार्ब्स छोटे-छोटे कणों में टूट कर शुगर के रूप शरीर में फाइबर की कमी होने पर घेरने लगते हैं ये रोग-- इन चीजों से पूरी होगी कमी शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए हमें प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स के अलावा फाइबर की जरूरत भी होती है। फाइबर कोलस्ट्रॉल और ग्लूकोज के स्तर को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह भोजन को पाचन प्रणाली से निकलने में मदद करने के साथ-साथ जरूरी मात्रा में मल निकाल कर शरीर को स्वस्थ्य बनाता है। फाइबर की कमी पेट ही नहीं अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी खड़ी कर सकती है। फाइबर एक तरह का कार्बोहाइड्रेट ही होता है जो पेट में आसानी से नहीं पचता है। ये कार्ब्स छोटे-छोटे कणों में टूट कर शुगर के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। शरीर में फाइबर की कमी होने पर शरीर में कई लक्षण दिखाई देते हैं।

### कमी के लक्षण

शरीर में फाइबर की संतुलित मात्रा होने से आपका पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसके अलावा कब्ज, पेट में गैस बनने की समस्या भी फाइबर की कमी से होती है।

### कब्ज की समस्या-

आहार में फाइबर की कमी कब्ज का कारण बन सकती है। कब्ज होने पर व्यक्ति को मलत्याग करने में परेशानी,गैस, एसिडिटी होने लगती है। कई दिनों तक कब्ज की प्रॉब्लम बनी रहे, तो ऐसे में पाइल्स भी हो सकती है। कब्ज की समस्या होने पर फाइबर की अच्छी मात्रा वाले खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करें।

### ब्लड शुगर लेवल में बदलाव-

शरीर में फाइबर की कमी होने पर शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। डायबिटीज के मरीजों में वजन बढ़ने की सबसे मुख्य वजह डाइट में फाइबर की कमी होता है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में फाइबरयुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से व्यक्ति का वजन संतुलित बना रहने के साथ ब्लड शुगर लेवल भी ठीक रहता है।

### मोटापा-

फाइबर की कमी होने पर पाचन तंत्र प्रभावित होता है। पाचन क्रिया में आने वाली रुकावटों की वजह से खाना पच नहीं पाता और धीरे-धीरे वजन बढ़ने लगता है। बढ़ता हुआ ये वजन आपको मोटापे का शिकार बना सकता है। ऐसे में फाइबर युक्त आहार का सेवन करने से आपका पेट काफी समय तक भरा रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे शरीर को फाइबर युक्त आहार को पचाने में थोड़ा अधिक समय लगता है। यही वजह है कि व्यक्ति को बार-बार भूख नहीं लगती है और उसका वजन सतुंलित बना रहता है।

### बेड कोलेस्ट्रॉल-

फाइबर की कमी होने पर पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं करता है और शरीर में फैट जमा होने लगता है। ये फैट बेड कोलेस्ट्रॉल को शरीर में जमा करने लगता है। ये संकेत फाइबर की कमी को दर्शाता है जिसे खानपान से इसे दूर कर सकते हैं।

### थकान-

पाचन तंत्र पर भार बढ़ने के कारण शरीर की अधिकतर ऊर्जा खाने को पाचन करने में वेस्ट होने लगती है। जिसकी वजह से व्यक्ति को अक्सर थकान महसूस होती रहती है। पाचन तंत्र को दुरुस्त करने के लिए खीरा व अन्य फाइबर युक्त चीजें खाएं।

### कमजोर पाचन तंत्र-

आहार में फाइबर की कमी होने पर पेट से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से आपको पाचन तंत्र में गड़बड़ी का सामना करना पड़ सकता है। फाइबर की कमी होने पर दस्त की समस्या भी हो सकती है।

### जी मिचलाने की समस्या

शरीर में फाइबर की कमी होने पर व्यक्ति को मतली या उल्टी की शिकायत भी हो सकती है। जिसकी वजह से आपको थकान का सामना भी करना पड़ सकता है।

### कमी कैसे करें पूरा करें?

शरीर में फाइबर की कमी पूरा करने के लिए फाइबर युक्त आहार का सेवन करें। इसके लिए खानपान में साबुत अनाज की मात्रा बढ़ा लें। फल और सब्जियों का सेवन अधिक करें। इनके अलावा मटर, नाशपाती, ब्राउन राइस, मक्का, अलसी के बीज, फूलगोभी, पत्ता गोभी, संतरा, केला, बादाम, अंजीर, सेब, प्याज में प्रचूर मात्रा में फाइबर होता है।

# स्वस्थ रहने करें हरड़ का उपयोग



स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है। यह कॉम्ब्रेटेसी परिवार का पौधा है। इसका उपयोगी भाग फल है। इसका वृक्ष विशाल लगभग 80-100 फीट ऊंचा होता है। फूल छोटा, सफेद या पीले रंग का होता है। फल एक से डेढ़ इंच लंबा अंडाकार, पृष्ठ भाग पर पांच रेखाओं से युक्त, कच्चा में हरा, पकने पर धूसर पीला रंग का हो जाता है। प्रत्येक फल में एक बीज होता है। पके हुए फलों का संग्रहण अप्रैल-मई माह में करना चाहिए।

यह कफ वात व पित जनित रोगों में उपयोगी है। पाचन शक्ति बढ़ती है। खांसी, सांस, कुष्ठ, बवासीर, पुराना ज्वर, मलेरिया, गैस, अपच, प्यास, त्वचा रोग, पेशाब की जलन, आंखों के रोग, दस्त, पीलिया आदि में लाभदायक है। खट्टेपन से वात रोगों को दूर करती है। चटपटेपन से पित रोग और कसैलेपन से कफ का नाश करती है। इसका सेवन बरसात में सेंधा नमक के साथ, जोड़ों में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, बसंत ऋतु में शहद के साथ, गर्मी में गुड़ के साथ करना चाहिए।

खाना खाने से पहले इसे लेने से भूख बढ़ती है। बाद में खाने से खाना आसानी से पचता है

छोटी हर्रे का चूर्ण लगभग चार से छह ग्राम रात में भोजन करने के एक से दो घंटे बाद पानी के साथ प्रयोग करने से कब्ज की समस्या दूर होती है।

इसका चूर्ण गुड़ व गिलोय के काढ़े के साथ प्रयोग करने से गठिया में आराम मिलता है।

इसे तंबाकू की तरह चिलम में रखकर पीने से सांस की समस्या दूर होती है मुख व गले के रोगों में इसका काढ़ा बना कर कुल्ला किया जाता है। इसका चूर्ण दो ग्राम गुड़ के साथ खाना चाहिए। छोटी हर्रे को सुपारी की तरह छोटा-छोटा टुकड़ा कर लें और दिन में खाना खाने के बाद लगभग एक टुकड़े को मुंह में डाल कर अच्छी तरह से चबाना चाहिए। इसके नियमित प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# टी .बी. के मरीज़ों को अंडा दिया जाना कितना उचित हैं ?

जिस प्रकार कोरोना के कारण फेस्टिवल ऑफर जैसे एक रोग के साथ चार रोग फ्री में मिल रहे हैं मधुमेह ,हृदय रोग ,इम्युनिटी का कम होना और सामान्य संक्रमण होना सामान्य बात हैं। इसी प्रकार मध्य- - प्रदेश में तपेदिक के रोगियों का अन्य खाद्य सामग्री के साथ अंडा भी दिया जायेगा जैसा प्रदेश के टी बी अफसर डॉक्टर वर्षा राय द्वारा बताया गया हैं .पौष्टिक भोजन में ज्वार ,दाल दूध पाउडर ,बाजरा .तेल के साथ अंडा भी दिया जाना बताया गया हैं।


यहाँ एक बात बताना होगा की अंडा किसी भी प्रकार से पौष्टिक आहार नहीं माना जाता हैं। भारत शासन के द्वारा जारी स्वास्थ्य के पौष्टिक आहार की सूची में यह बताया गया हैं कि 100 ग्राम अंडे में 14 .3 ग्राम प्रोटीन होता हैं ,और 100 ग्राम प्रोटीन के लिए कम से कम चार अंडे खाने से 100ग्राम प्रतिन मिलेगा। यानी पांच अंडे में 100 ग्राम प्राटीन मिलेगा ,जबकि 100 ग्राम सोयाबीन में 43 .5 त्नप्रोटीन मिलता हैं ,100 ग्राम मूंगफली में 33 ग्राम प्राटीन मिलता हैं और 100 चना में 24 ग्राम प्राटीन





मिलता हैं। अंडा खाने से कई प्रकार की बीमारियां होती हैं जैसे हृदय रोग, चर्म रोग किडनी रोग ,आंत का कैंसर आदि .अंडा खाने से प्रोटीन के साथ अन्य घातक बीमारियां भी मरीज़ों को मिलेगी। इसके स्थान पर 100 - 100 ग्राम सोयाबीन ,मूंगफली और चना को मिलाकर 300 ग्राम में 100 ग्राम प्रोटीन मिलेगा जो आर्थिक रूप से सस्ता और बिना किसी नुकसान के मरीज़ों को लाभकारी होगा। तीनों के मिश्रण की बर्फी बनाकर दिया जाय जो स्वादिष्ट के साथ रुचिकर होगी और यह आर्थिक रूप से भी सस्ता होगी।पांच अण्डों की कीमत लगभग पचास रूपया होगी जबकि 100 ग्राम सोयाबीन 5 रूपया .100 ग्राम मूंगफली 10 रूपया और 100 ग्राम चना 10 रूपया इस प्रकार 25 रूपया में 100 ग्राम प्रोटीन वो भी सुरक्षित और पौष्टिक होगा जबकि अंडा खाओ और हृदय ,किडनी कैंसर जैसे रोग बुलाओ। अंडा सभी मरीज़ों को मान्य नहीं होगा कारण कुछ लोग अंडा को मांसाहार मानते हैं और जो अंडा को शाकाहार मानते हैं उन्हें अपने इष्ट भगवान को अंडे का भोग लगाना चाहिए और नारियल के स्थान पर अंडा रखना चाहिए। सरकार शाकाहार को बढ़ावा देने का वादा करती हैं और कर्मचारी अण्डों का उपयोग मरीज़ों को देने में करते हैं यह कितना सही होगा। अंडा को टीबी के मरीज़ों को देना सुरक्षित नहीं हैं।

# सेब रखेगा सेहतमंद



सेब खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। कुछ लोग सेब को छिलकर खाना पंसद करते है लेकिन इससे सेब के सारे जरूरी न्यूट्रिन निकल जाते है। सेब को छिलकर खाने की बजाएं छिलके समेत खाने से आपकी कई बीमारियां दूर हो सकती है और यह खाने में भी टेस्टी लगता है। आइए जानते है सेब को छिलके समेत खाने से शरीर को क्या फायदे होते है।

### ब्लड शुगर

डायबिटिज का समस्यां वाले लोगों को सेब छिलके समेत खाना चाहिए। इसे ऐसे खाने से शुगर कंट्रोल में रहती है।

### ब्रेन सेल

सेब को बिना छिले खाने से आपके ब्रेन सेल डैमेज नहीं होते है। इसके अलावा इसे ऐसे खाने से दिमाग भी तेज होता है।

### आंखों में कैटरेक्ट

सेब का छिलका आपको आंखों में होने वाली कैटरेक्ट की बीमारी से बचाता है। नियमित सेब खाने से आपको यह बीमारी नहीं होती है।

### पित्ते की पत्थरी

फाइबर के गुणों से भरपूर सेब का छिलका पित्त की थैली में जमा कॉलेस्ट्रोल को कम करके आपको स्टोन प्रॉब्लम से बचाता है।

### दातों में सड़न

सेब का छिलका दातों में कैवटी को होने से रोकता है। इसके अलावा प्रैग्नेंसी में इसका सेवन करने से खून की कमी पूरी होती है।

### कैंसर

कैल्शियम, इंजाइम, एंटी ऑक्सीडेंट और प्लेविनाइड के गुणों से भरपूर सेब का छिलका मोटापे को दूर करने के साथ-साथ लीवर, ब्रेस्ट और कोलोन कैंसर से बचाता है।

# बदलते मौसम में रखें दिल का ख्याल

मौसम बदल रहा है, बरसात के बाद अब सर्दियां करीब हैं। इस मौसम में उन लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, जो दिल और फेफड़ों के रोगों से पीड़ित होते हैं। इस मौसम में ऐसे मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगती है। बदलते मौसम और सर्दियों में आलस की वजह से अक्सर लोग अपने शरीर को तंदुरुस्त रखने पर ध्यान नहीं देते। इस मौसम में काफी मात्रा में दिल के रोगियों की संख्या में इजाफा होता है।

अचानक से मौसम में आए ठंडे बदलावों के चलते मौसम की वजह से दिल की धमनियां सिकुड़ जाती हैं। ऐसा होने से दिल में खून और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है। इसी वजह से हाइपरटेंशन और दिल के मरीजों में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ठंडे मौसम में ब्लड प्लेट्लेट्स ज्यादा सक्रिय और चिपचिपे होते हैं, इसलिए रक्त के थक्के जमने की आशंका भी बढ़ जाती है।÷

सर्दियों में सीने का दर्द और दिल के दौरे का जोखिम बढ़ जाता है। सर्दियों में धूप हल्की और कम निकलने के कारण मानव शरीर में विटामिन %डी% की कमी भी हो जाती है। ऐसे में इस्केमिक हार्ट डिसीज, कंजस्टिव हार्ट फेल्योर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में दिन छोटे हो जाते हैं और लोग भी ज्यादा समय घर के अंदर ही बिताते हैं, इसलिए विटामिन %डी% की कमी ज्यादा होती है।

बदलते मौसम में अक्सर बड़ी उम्र के लोगों में अवसाद बढ़ जाता है। इससे तनाव बढ़ता है और हाइपरटेंशन होने से, पहले से कमजोर दिल पर और दबाव पड़ जाता है। सर्दियों के अवसाद से पीड़ित लोग ज्यादा चीनी, ट्रांसफैट और सोडियम व ज्यादा कैलोरी वाला आरामदायक भोजन खाने लगते हैं, जो मोटापे, दिल के रोगों और हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों के लिए यह बहुत ही खतरनाक हो सकता है। इस मौसम में शरीर को गर्मी प्रदान करने के लिए दिल ज्यादा जोर से काम करने लगता है और रक्त धमनियां और सख्त हो जाती हैं। ये सब चीजें मिलकर हार्ट अटैक को बुलावा देती हैं।

उम्रदराज और उन लोगों को, जिन्हें पहले से दिल की समस्याएं हैं, छाती में असहजता, पसीना आना, जबड़े, कंधे, गर्दन और बाजू में दर्द के साथ ही सांस



फूलने की समस्या बढ़ जाती है। सर्दियों में ऐसे तकलीफों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उनकी सलाह है कि नियमित रूप से व्यायाम करें और संतुलित व पौष्टिक भोजन लें, ताकि इन समस्याओं से बचा जा सके। इस मौसम में अगर आपके रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) में कोई असामान्य बदलाव नजर आए, तो दिल को सुरक्षित रखने के ख्याल से तुरंत अपने डॉक्टर की सलाह लें।

## 23 फ़ीसदी मध्यम श्रेणी के परिवारों का बढ़ा महंगे कर्ज का बोझ

सनत कुमार जैन

माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 6 करोड़ से भी अधिक कर्जधारकों के, लगभग 12 करोड़ लोन खातों में जून 2022 तक 2.93 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया गया है। 30 जून 2021 को यह राशि 2.37 लाख करोड़ थी। 2021 की तुलना में 23 फ़ीसदी लोन निम्न उच्च वर्ग एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का बढ़ गया है। जिनकी आय वार्षिक 3 लाख रुपए से कम है। यह आंकड़े माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क के हैं। बैंकों का कर्ज इससे अलग है। पिछले कुछ वर्षों से माइक्रोफाइनेंस कंपनियों का कर्ज आम आदमियों पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इसका ब्याज आमतौर पर बैंक ब्याज दर की तुलना में लगभग लगभग 25 से 50 फ़ीसदी महंगा होता है। समय पर किस्त नहीं भरने पर भारी जुर्माना वसूल किया जाता है। वसूली एजेंट वसूली करने के लिए घर - घर जाकर दबाव, डर दहशत से किस्तें बसूलते हैं। 1 साल में नॉन बैंकिंग कंपनियों से लोन लेने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। नॉन बैंकिंग कंपनियों के लोन बिजनेस में पिछले 1 साल की तुलना में 38.4 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के अनुसार माइक्रो फाइनेंस लोन एक कैसा कर्ज है। जिसमें कोई भी सिक्योरिटी और जमानत नहीं देनी पड़ती। यह लोन उन परिवारों को दिया जाता है। जिनकी आय 3 लाख रुपये वार्षिक से कम होती है। बैंकों लोन के डिफाल्टर ज्यादा संख्या में होने के कारण बैंकों की पर्सनल लोन में भागीदारी पिछले वर्ष में घटी है। वहीं एनबीएफसी कंपनियों का लोन तेजी के साथ मध्यमवर्गीय परिवारों पर बढ़ रहा है। 30 जून 2021 से लेकर 30 जून 2022 की स्थिति में एनबीएफसी कंपनियों का लोन 36.3 फ़ीसदी बढ़ा है।वहीं बैंकों का मात्र 9.9 फ़ीसदी बढ़ा है। स्मॉल फाइनेंस बैंक का लोन 28.5 फ़ीसदी बढ़ा है। उच्च निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है, कि ग्रामीण अंचलों में भी लोन की मांग बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। ग्रामीण अंचलों की आर्थिक स्थिति शहरी अंचल की तुलना में पूर्व में बेहतर होती थी। आय की तुलना में ग्रामीण अंचलों के खर्च सीमित होते थे। जिसके कारण अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अंचलों की भागीदारी बचत के रूप में सबसे ज्यादा होती थी। लेकिन अब यही वर्ग बड़ी तेजी के साथ कर्जे में डूब रहा है। पिछले कुछ वर्षों में महंगाई और बेरोजगारी के कारण शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में कर्ज का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। पिछले वर्षों में जिस तरह से मध्यम एवं निम्न परिवारों में कर्ज लेने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती ही जा रही है। उनकी बचत खत्म हो गई है। वह कर्ज के सहारे जीने के लिए विवश हैं। बैंक मे एनपीए होने के मामले भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। नॉन बैंकिंग कंपनियों की महंगी ब्याज दर पर लोन लेने के बाद जिस तरह से लोन की वसूली होती है। उससे कई लोगों की आत्महत्या करने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। इसी तरह कर्ज को लेकर किसान, व्यापारी,युवाओं में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। कर्ज के बोझ से दबे लोग मानसिक रोगों के शिकार हो रहे हैं। कर्ज के बोझ से दबे मानसिक रोग के शिकार कई परिवारों के मुखिया ने बच्चों और पत्नी सहित आत्महत्या करने के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं।

# गांधी चिंतन: गांधी जी का अरण्य रुदन

लेखक : दिलीप मिश्र, लेखक एवं साहित्य साधक, ग्वालियर,

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

एक ने प्रश्न किसी कांग्रेस के मित्र ने पूछा था कि क्या आजाद भारत का सबसे पहला आतंकी सावरकर था ? उनके अल्प पर दुर्भाग्यपूर्ण मनोग्रंथि को साफ़ करने के लिए यह बताना चाहता हूँ कि जिसने कहा था कि भारत का विभाजन मैरी लाहश पर होगा और पाकिस्तान बनने के बाद 56 करोड़ रु पाकिस्तान को देने के लिए नौआ खली में जो धरने पर बैठ गया था 7 क्या सबसे पहला आतंकी वह नहीं था ? और जिसने 16 अक्टूबर 1947 को यह घौषणा की कि वह पाकिस्तानियों में विश्वास जगाने के लिए पाकिस्तान जाकर ही बस जायेंगे और जिद्द कर कलकत्ते में भूख हड़ताल (उपवास) करने के लिए एक मुस्लिम के घर जा कर धरने पर बैठे 7 वो देश भक्त थे ? ज्ञात हो कि जब वीर सावरकर और उनके दोनों भाई एक ही समय में एक साथ काले पानी की सजा काट रहे थे, तब भारत में उनकी पत्नियां मरघट खानों के मुर्दो के पिंड बटोर कर अपना पेट भर कर स्वतंत्रता की अलख जगाने के लिए प्रभात फैरी निकाल ने जातीं थीं ,तब उसी समय महात्मा, बापू तथा राष्ट्रपिता गांधी जी, अंग्रेज वाइसराय लार्ड इरविन से समझोंता करने वाइसराय हाउस मैं जाकर अंग्रेजी काफीं पीने जाते थे, इतना ही नहीं 1930 के गौल मेज कान्फ्रेस में एक और भारत स्वतंत्रता के प्रबल विरोधी, दलित मसीहा बाबासाहेब ने कहा था कि आजादी का दलितों के लिए तब तक कौई महत्व नहीं है जब तक दलितों के लिए भारत में अलग चुनाव क्षेत्र या भौगोलिक क्षेत्र बस्तियाँ सवर्णों से अलग ना बनाई जायें, क्योंकि कि भारत के दलित अंग्रेजों की पराधीनता से स्वतंत्र होकर उच्च जातियों की पराधीनता में चले जायेगे 7 उनने लगातार भारत को 1947 को आजाद नहीं करने के लिए ब्रिटिश महारानी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री लार्ड एटली, चर्चिल और इबरिन तक को समय समय पर पत्र लिखकर भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन का विरोध किया था ,तो गद्दार कौन ? गांधी, बाबा साहेब या फिर भगतसिंह,राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त , गोड़से या वीर सावरकर ? और भी तथ्य है जो भारत में स्वतंत्रता संग्राम को कमज़ोर करने के लिए और भारतीय ही अंग्रेज़ी हुकुम को ताकत दे रहे थे 7

लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए अंग्रेज कैप्टन सेंडर्ष की हत्या और ब्रिटिश एसेम्बली में ?? बम फेंकर भारतियों को जगाने के बाद भगतसिंह, राजगुरु सुखदेव आदि जब रणबांकुरे जैल में थे तो गाधीं जी ने उनकी मृत्यु दंड का समर्थन किया और पं नेहरू ने उनका मुक्दमां लड़ने से मना कर दिया था 7 तो गद्दार कौन था ? गांधी और,नेहरू या फिर गौड़से या वीर सावरकर जी ? गौड़से ने क्या गांधी वध गांधी जी से किसी निजी विरोध के कारण किया था ? अगर यह सही है तो महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के हाथों भीष्म पितामह को क्यों मरवाया गया था ? वह हत्या नहीं थी ? गांधी की हत्या नहीं , बध था और दोनों तरीकों में अंतर होता है 7

महात्मा गांधी जी की हत्या भारत के भावी भविष्य के लिए देश पर आत्म बलिदान था , जो समसामयिक भी था 7 आत्मोत्सर्ग था जिसको हत्या कहा गया और उनकी हत्या की प्रतिक्रिया में उस समय 30 हजार से ज्यादा चितपावन महाराष्ट्रियन ब्राम्हणों की महाराष्ट्र के कांग्रेसियों ने आज के इंदिरा मर्डर के बाद 30 अक्टूबर 1984 के दंगों के समान ही सामूहिक नरसंहार किया गया था 7 क्या यह देशभक्ति का काम था ? देश भक्तों में विभेद करना भारत माता का अपमान ही है 7 महात्मा गांधी जी भी देशभक्त थे पर सुभाष बाबू, भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव, सावरकर, गौड़ से गद्दार नहीं थे 7 इनका विरोध कर गांधी जी विवाद ग्रस्त हो गये, पर भारत की स्वतंत्रता में अंबेडकर जी का कितना और किस आन्दोलन में योगदान रहा ? यह आज भी शोध और खौज का विषय है ? गांधी जी और अम्बेडकर का विरोध जगजाहिर था 7 1933 से 1947 तक डा. अम्बेडकर जी ने भारत की स्वतंत्रता के विरोध में थे 7 उसके बाद भी पंडित नेहरू ने डा. अंबेडकर को ना केवल भारत का पहला कानून मंत्री बनाया, वल्कि संविधान निर्मात्री सभा का चेयरमैन भी बनाया 7

एक जातिवादी जिज्ञासु व्यक्ति ने महात्मा गांधी जी को ÷ वैश्य समुदाय ÷ का महान व्यक्ति बताया है 7 मैरा निवेदन है कि गांधी चिंतन समृज्ञ और मर्मज्ञ दोनों तरह का था 7 गांधी जी को आप जब ÷वैश्य कम्यूनिटी÷ का कहते हैं, तो गांधी जी की महानता पर तो इसका कौई असर नहीं पड़ता और ना वैश्यों के इस देश में उनके महान योगदान का, पर आप अपनी सोच को सीमित करते हुए दिखलाई अवश्य पड़ते हैं7 आपको पता होना चाहिए कि कौई भी महान चिंतक, देशभक्त, विशेषज्ञ केवल अपनी जाति या पंथ या परिवार के ही योगदान से महान नहीं बनता, वह सर्वज्ञय, स्वीकार्यता, योग्यता और पुरूस्वार्थ से महान होता है 7 भगवान परशुराम, तुलसी, से लेकर निराला और अटलजी तक के महान ब्राम्हण महापुरुष जितने भी हुए या आज भी हैं, उनको उनकी जाति ने महापुरुष नहीं बनाया और ना ही उनके जीवित रहते उनके महत्व को समझा या ना स्वीकार ही किया 7 बाद में जब वह देश में सर्वसमाज में सर्व स्वीकृति से वो महान हो गये, तो उनके जाति, पंथ और समाज उनकी प्रतिष्ठा से प्रभावित होकर उनके पीछे आ गया और उनका गुणगान स्वार्थ बस गाने लगा 7 महात्मा गांधी जी के साथ भी यही हो रहा है कि वैश्य समुदाय उनको अपना कह कर अपनी जातिवादी मनोग्रंथि को उजागर करता है, और कुछ नहीं 7

महात्मां गांधी जी को ÷महात्मा÷ की उपाधि किसने दी ? महाकवि कविवर, गुरु देव रविन्द्र नाथ टैगोर ने, और ÷बापू÷ उनको पूरा देश सम्मान से पुकारता है 7 4 जुलाई 1942 को जब महात्मा गांधी जी से एक आइरिस पत्रकार जार्ज इलियश अलबर्ट ने यह पूछा था कि ÷ बापू आप ÷गांधीवाद÷ को क्या मानते है ? ÷ तो महात्मा गांधी जी ने कहा था कि ÷गांधीवाद÷ या गांधीवादी जैसा कौई शव्द ना है ना होगा, गांधीवाद जैसे शव्द को भविष्य में कौई मानता है तो वह मैरी हत्या जैसा कार्य ही करेगा 7÷ फिर भी तमाम संगठन,राजनैतिक दल, व्यक्ति आजकल अपने आपको गांधीवादी कह कर अपनी तुच्छता को पिच्चतर दशकों से तुच्छ प्रदर्शन कर गांधी जी की रोज हत्या कर रहे हैं 7 उनका नाम ÷गांधी÷ लिख कर देश तोड़ने जैसा घृणित राजनैतिक दुष्कर्म कर रहे हैं 7 ÷पद यात्राएँ ÷ निकाल रहे हैं 7 यही है गांधी का अरण्य रुदन , यानि जंगल में रोना यानि गांधी जी की आत्म गिलानी 7 जिससे गांधी जी अपने जीवित रहते हुए और अपनी मृत्यु के उपरांत 75 सालों से रोज रूदन कर रहें हैं 7 इसको कहते हैं ÷गांधी का अरण्य रुदन÷ इतिहास हमें हमारी अतीत की गलतियों से सीख लेकर भविष्य को सुधार करने का रास्ता दिखाता है, एक दूसरे पर कीचड़ उछालने का बहना नहीं देता 7 इस कारण महामानव गोडसे महाभारत के वीर अर्जुन के समान ही वंदनीय है 7 राष्ट्र धर्म के लिए जिस प्रकार पितामह भीष्म का आत्मोत्सर्ग आवश्यक था उसी प्रकार राष्ट्र धर्म के लिए गांधी जी का बलिदान भी हुआ था हत्या नहीं ।

## सुखी रहने के लिए लें धर्म की शरण!

दुनिया का हर व्यक्ति केवल सुख ही चाहता है। दुख से सब दूर भागते हैं। यदि हमें सुखी रहना है तो सबसे पहले धर्म से जुड़ना होगा। किसी के मन को दुखाना भी पाप है। भागदौड़ भरी जिंदगी में आज हर व्यक्ति विवेक नहीं रख पाता है। इसलिए पाप बंध को बांधता चला जाता है और पाप बंधने के कारण सुखी नहीं हो पाता। इसलिए सुखी रहने के लिए धर्म की शरण में जाकर धर्म के मर्म को समझना होगा। धर्म की शुरुआत व्यक्ति को सबसे पहले अपने घर से ही करना चाहिए। यदि हम विवेकपूर्ण जीवन जिएंगे तो पाप से बच पाएंगे और जो पाप से बच पाएगा, वहीं सही मायनों में धर्म से भी जुड़ पाएगा। मर्यादाओं को भंग करना पाप की श्रेणी में आता है। इसी तरह किसी के मन को दुखाना भी पाप है। हमें अपने जीवन काल में सुख प्राप्ति के लिए जिनवाणी को आचरण में उतारना होगा, क्योंकि जिनवाणी अमृत रूप है। हमारा सौभाग्य है कि हमें जिनवाणी श्रवण का सुअवसर मिला है। जीवन में यदि सुख प्राप्त करना है तो जिनवाणी को आचरण में उतारना होगा। धर्म आधारित जीवन जीते हुए ही मनुष्य वैराग्य की ओर अग्रसर हो सकता है। संपूर्ण जीवन लोभ, मोह, मद, मान और माया में ही व्यतीत हो जाता है और प्रभु आराधना का समय ही नहीं मिल पाता तथा व्यक्ति संसार से प्रस्थान भी कर जाता है। संसार में रहते हुए वैराग्य के प्रसंग जीवन में आते हैं। फिर भी विरक्ति नहीं होती। इसलिए निरंतर साधना व स्वाध्याय करते रहना चाहिए। सुखी और सफल जीवन के लिए भौतिक सुख नहीं, आध्यात्मिक सुख ज्यादा जरूरी है, जो वैराग्य से ही प्राप्त हो सकता है। संसार के सभी जीव सुख चाहते हैं। सभी लोग सुख प्राप्त करने के लिए ही पुरुषार्थ करते हैं।

## नेतृत्व परिवर्तन के दौर में कांग्रेस!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

सन 2014 से भाजपा के हाथों केंद्र व अधिकांश राज्यो में मात खाती आ रही कांग्रेस ने स्वयं में संजीवनी भरने की कवायद एक तरफ भारत जोड़ो यात्रा और दूसरी तरफ गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति को अध्यक्ष बंनाने के रूप में कर दी है। बिना किसी पद की परवाह किए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की साढ़े तीन सौ किमी लंबी भारत जोड़ो कांग्रेस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस में जान फूंकने में लगे है,वही बीमारी के बावजूद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस यात्रा में शामिल होकर कार्यकर्ताओ में उत्साह भरा है।वही कांग्रेस संगठन में भी कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन शशि थरूर और कांग्रेस के सीनियर नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन करके अब गांधी परिवार से बाहर का कांग्रेस अध्यक्ष होगा,इस बात पर मोहर लगा दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे को गांधी परिवार के भरोसेमंद नेताओं में गिना जाता है। ऐसे में खड़गे की जीत तय मानी जा रही है। 80 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस को कितनी ताकत दे पाएंगे,यह तो समय ही बताएगा।फिलहाल कांग्रेस नेतृत्व की कमी से जूझ रही है। मौजूदा कांग्रेस सोनिया गांधी की तबीयत ठीक नही रहती और जिस कारण वह पार्टी को उतना समय नहीं दे पातीं, जितना जरूरी है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के लिए रामबाण हो सकते है। हालांकि उनकी उम्र 80 की है और वह घुटने की सर्जरी भी करा चुके हैं। उसके बाद से ही उन्हें सीढ़ियां पकड़ के चढ़ना पड़ता है या फिर चलने के लिए सहारे की जरूरत होती है।लेकिन मल्लिकार्जुन की निर्विवाद छवि और गांधी परिवार के प्रति भरोसा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उन्हें सफल बना सकता है। कांग्रेस में कुछ मुद्दों को लेकर असंतोष रखने वाले जी-23 नेताओं की ओर से हमेशा फुल टाइम अध्यक्ष की मांग उठती रही है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खड़गे कितने उत्साह के साथ पार्टी को कितना वक्त दे सकेंगे, यह सोचने की बात है।कांग्रेस को यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि उनका मुकाबला भाजपा की उस लीडरशिप से है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओ से हैं। खड़गे अभी तक संसद से लेकर सड़क तक आगे दिखते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए देश भर में यात्राएं करना और बिजी शेड्यूल में काम करना कोई आसान काम नहीं है।खड़गे की ताकत यह है कि वह जमीन से जुड़े नेता हैं। छात्र जीवन से ही कांग्रेसी खड़गे कई बार विधायक और सांसद चुने गए हैं। फिलहाल वह राज्यसभा के सांसद है और संसद में लंबी डिबेट्स में भी हिस्सा लेते रहे हैं। कांग्रेस में फाटइर का टैग रखने वाले खड़गे को लेकर कहा जाता है कि वह संगठन के स्तम्भ व वफादार नेता हैं। इसीलिए गांधी परिवार ने उन पर भरोसा जताया है। एक तरफ वह भरोसेमंद हैं तो दूसरी तरफ संगठन से जुड़े नेता हैं।कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के संभावित उम्मीदवार शशि थरूर को लेकर भी अटकलों का दौर जारी है। वह, अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति से मुलाकात कर चुके हैं। अब कहा जा रहा है कि पार्टी थरूर को भी नाराज करने के मूड में नहीं है। खबर उन्हें पार्टी कांग्रेस वर्किंग कमेटी यानी सीडब्ल्यूसी में जगह दे सकती है। सोनिया और थरूर की इस सप्ताह हुई मुलाकात के दौरान यह फैसला लिया गया है। %शशि थरूर ने जी-23 में रहने के बाद भी गांधी परिवार से अच्छे संबंध रखना सुनिश्चित रखा है। सोनिया गांधी उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करती हैं और जानती हैं कि अगर थरूर ने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया तो वह कितना नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखते हैं।% साथ ही यह भी बताया गया कि गांधी परिवार का मानना है कि थरूर को खुश रखने के लिए सीडब्ल्यूसी में जगह काफी है।गांधी परिवार ने गहलोत को सीएम पद छोड़ने और गद्दी सचिन पायलट को देने के लिए भी मना लिया है। समझौते के अनुसार, गहलोत जल्दी ही इस्तीफा दे सकते हैं। जिससे साफ है कि अशोक गहलोत की तरफ से की जा रही राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को मुख्यमंत्री बनाने की तरकीब ने काम नहीं किया।उल्टे सोनिया गांधी के अनुशासन चाबुक के सामने उन्हें खुले रूप में माफी तक मांगनी पडी।वही हाथ आया कांग्रेस अध्यक्ष का पद उनसे चला गया।

# कमाल के कांशीराम...

### सूडोकु नवताल- 6213

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 6212 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

डॉ. राकेश राणा

रैदास-कबीर का पूरा भक्तिकाल जाति को कोसते-कोसते निकल गया। आधुनिक अम्बेडकर भी कहते रहे कि जाति से बढ़कर अपमानजनक सामाजिक व्यवस्था कोई नहीं है। इस व्यवस्था ने लोगों को पंगु और विकलांग बना रखा है। उसी दलित-विमर्श को मोड़ बहुजन नायक कांशीराम जाति को ही सियासत का सहारे आगे बढ़ाते है और एक नारा लगाते है ÷जिसकी जितनी संख्या भारी-उसकी उतनी हिस्सेदारी÷ कबीर, रैदास, फूले, गाडगे, गांधी-अम्बेड़कर तक के जाति-तोड़ो वाले विमर्श को जाति-जोड़ों के आख्यान में आन्दोलित करते हुए कांशीराम भारतीय राजनैतिक परिदृश्य पर छा गए। भारतीय राजनीति में कांशीराम दलितों की दबी कुचली आवाज को बुलन्द करने वाले साहसी नेता साबित हुए। आम्बेडकर के बाद कांशीराम ने ही दलित संघर्ष को नई धार दी। जाति की लामबंदी कर समुदाय के भीतर एक नया आत्मविश्वास पैदा किया। कांशीराम के लिए स्वतंत्र भारत तैयार भी था। वही दलित मन भी अब एक नए आत्मविश्वास और आत्मसम्मान से लबरेज था। जाति को जमात बना कांशीराम आसानी से अपने समूह का रूपांतरण राजनीति के सफल प्रयोगों द्वारा करते गये। पंजाब के रोपड़ जिले में खवासपूर-पिरथपुर बुंगा गांव में पिता हरिसिंह के प्रिय पुत्र कांशीराम 1934 में जन्मे। प्रारम्भिक शिक्षा पश्चात् कांशीराम उच्चशिक्षा हेतु देहरादून के स्टॉफ कालेज गए।

अगर आम्बेडकर ने देश में लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को मजबूत किया है तो कांशीराम ने जाति को राजनीति की जुगलबंदियां बताने और अपने समुदाय को राजनीतिक दांव पेंच में माहिर बनाने की न सिर्फ कला सिखायी बल्कि इसकी वैधता का विज्ञान भी खड़ा करने वाले नए विमर्श पैदा किए। दलित विमर्श की इन नयी विमाओं को समझना हीअसल में कांशीराम को समझना है और इस बहुजन नायक के राजनैतिक उदय को समझना संभव होगा। कैसे कांशीराम देश का चप्पा-चप्पा छानते है? हाशिए पर फेंके गए दलित समाजां की जीवन स्थितियों का जायजा लेते है। अपने समुदाय के मनोविज्ञान को भापते है? देश-दुनियां की बदलती परिस्थियों के अनुरुप राजनीति का नया मुहावरा गढ़ते है। नयी राजनीति का एक ऐसा मॉडल पेश करते है जो परिवर्तन का वाहक बन सका। दलितों को एकजुट करने का मिशन अपने हाथ में लिया, तो उच्च श्रेणी के अधिकारी की नौकरी छोड़ने का महत्वपूर्ण दुस्साहस भी किया। कांशीराम किस तरह दलित शोषित समाज संघर्ष समिति और बामसेफ से होते हुए 1984 में बहुजन समाज पार्टी तक पहुंचे। यह यात्रा सरल नहीं थी।

दलितों को बहुजन समाज पार्टी से जोड़ने का कांशीराम का अपना एक अलग अंदाज है। उन्होनें एक अलग ढ़ंग की राजनीति का सूत्रपात किया। कांशीराम ने समारोहात्मक राजनैतिक रैलियां की परम्परागत शैली को ही बदल ड़ाला। अपने समुदाय की सभाओं में भी स्पष्ट शर्तो को रखा कि मेरी सभा में सब साईकिल पर सवार होकर आए। कार मेरे किसी काम की नहीं पांच किलोमीटर के दायरे में दिखायी न दे। मेरे वजन के बराबर बारह हजार रूपये जमा कर इस राजनीतिक जागरण में आर्थिक अनुदान दे। समाज ने कांशीराम की बात मानी और अपनी कमर कसी। अपने घर-परिवार और बच्चों के हक का हिस्सा समाज के सम्मान और पहचान पाने की इन पंचायतों को पहुचाया। परिणाम सन् चौरासी में कांशीराम ने देश भर में पांच बड़ी साइकिल रैलीयां आयोजित की। इन पांचों साइकिल रैलीयों में कहां मै जन्मदिन की मुबारकवाद 15 मार्च 1984 को दिल्ली के वोट क्लब पर ही लूंगा, वहां पहुचों। दिल्ली के वोट-क्लब की यह रैली ही स्वतंत्र भारत में दलित राजनीति का आगाज बनी और कांशीराम हाशिए के समाज के नायक। यह रैली बहुजन समाज पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक रैली साबित हुई। जिसके जरिए कांशीराम दलितों के मन में यह बैठाने में कामयाब रहे कि 'दिल्ली अब दूर नहीं है'। कांशीराम बहुत पहले समझ चुके थे कि पूरा भक्ति आन्दोलन भोंक-भोंक कर थक गया कि जाति छोड़ो-जाति तोड़ो पर जाति कमजोर होने के बजाए मजबूत होती गयी। इसलिए कांशीराम हाशिए के समुदायों का जातीय स्वाभीमान ही जाग्रत करने में जुट गए और उनकी जातीय चेतना का राजनीतीकरण करने की नयी-नयी जुगत ढूंढ़ी। लोहे को लोहे से काटने की पुरानी शैली को अपनाया। लोगों को उनकी जाति के आधार पर संगठित किया। दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को बहुजन समाज पार्टी का आधार मानकर संगठन खड़ा किया।

## भ्रमित स्वप्न

रचनाकार- दिलीप मिश्रा, साहित्य साधक, ग्वालियर, म. प्र.

किसने कहा कि वह केवल हमारे थे ,
हमें भी यह भ्रम था कि वो हमारे थे 7
भ्रमर भी भ्रम में जीता रहा अब तक,
कली से जब फूल बन चटके तब माली
को पता चला वो किसी और को प्यारे थे 7
दिखाये स्वप्न जब आंखों ने तो हम आखं के
आभारी हुए,
टूटे जब वह सभी स्वप्न तो हम दुनियाँ से बेजारी हुए
7
हमें पता था कि इक दिन हमारे साथ दगा होगा,
तब भी हम उनके जीवन भर हम राही हुए 7
प्रश्न बहुत थे उनसे हम उत्तर की प्रतीक्षा करते रहे,
हम उनके मौन के हरदम आभारी रहे 7
किसी ने कहा कि तुम बोलते बहुत हो, हम उनके इस
आरोप को स्वीकार करते हैं 7
हम जब मौन थे तब हम पर वो भारी रहे 7
सच्च कहना अगर गुनाह है तो यह गुनाह हमको करने
दो,
माना यह रास्ता कांटों भरा है तो भी हमको इस पर
चलने दो 7
मुझे पता है लहु लुहान हो जियेंगे हमारे कदम,
मुझे लड़खड़ा कर ही चलने दो,
मुझे जीत हार की परवाह नहीं है, पर मुझे इन छदम
चेहरों को बेनकाब तो करने दो 7
माना मैं अंतिम व्यक्ति नहीं जो यह काम करेगा,
पर मुझे कुछ काम तो अपनी मर्जी से करने दो 7
चलो माना कि मैरा चेहरा जाना पहचान नहीं है,
पर तुम्हारे दिल में मैरी जगह है बस वो रहने दो7
बस इक काम कर दो तो बड़ी मेहरबानी होगी,
मुझे मैरे हाल पर जीवन बसर करने दो।

# हेलमेट की अनिवार्यता को नहीं मिल रहा जनता का समर्थन

### हेलमेट की आड़ में चालान वसूल करने का नया फॉर्मूला बन जाएगा न्यायालय का यह आदेश ?



मुरैना। सड़क पर रेगंता ओवरलोड ट्रेफिक, हर जगह जाम, पार्किंग स्थल के रूप में बदलती शहर की प्रमुख सड़कें और एक बार फिर हेलमेट की अनिवार्यता का कोर्ट का आदेश। शहर की सड़कें पैदल चलने लायक बेशक ना हो, सड़कें जगह-जगह गड्ढे होकर खुदी पड़ी हैं। ट्रैफिक इतना कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है, इसकी परवाह शासन व प्रशासन को नहीं है और ऊपर से बगैर हकीकत जाने शहर में भी हेलमेट की अनिवार्यता कर दी...? एक बार तो माननीय न्यायालय को वास्तविकता देख लेनी चाहिए थी कि कहां हेलमेट लागू किया जा सकता है, कहाँ नहीं। सूत्रों के अनुसार हेलमेट निर्माता कंपनियों ने अपने किसी व्यक्ति से जनहित याचिका लगवाई और माननीय न्यायालय ने उस पर आदेश कर दिया। याचिका कर्ता ने हेलमेट के फेवर में दुहाई दी कि एक्सीडेंट होने पर ये सिर की सुरक्षा करता है। मानव जीवन बचाने के लिए हेलमेट अनिवार्य है। निःसंदेह यह बात सही है कि हेलमेट सिर की सुरक्षा करता है, लेकिन हेलमेट की उपयोगिता कहां होनी चाहिए, कहां नहीं, इस पर भी माननीय न्यायालय को विचार करना चाहिए। खुली सड़क पर जहां वाहन की गति सीमा 40 से 60 या उससे अधिक हो, वहां हेलमेट अनिवार्य किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर हाईवे को ले सकते हैं, जहां वाहन की गति 50 से लेकर 70 या 80 किलोमीटर तक होती है, वहां तो हेलमेट की अनिवार्यता समझ में आती है, लेकिन जहां 20 से 25 की गति सीमा बमुश्किल गाड़ी पकड़ पाती है और फिर कहीं गड्ढा, कहीं कोई गाड़ी या व्यक्ति सामने आता है तो गाड़ी की गति फिर से शून्य हो जाती है, ऐसे में हेलमेट का औचित्य ही क्या रह जाता है?

ऐसे में यह हेलमेट सुरक्षा करने के बजाय दुर्घटनाओं का कारण बनेगा और बनता भी है। इस पर भी कोर्ट को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि छोटे शहरों के नगर निगम सीमा के अंदर बाजारों में हेलमेट की अनिवार्यता नहीं होना चाहिए। हेलमेट का पालन तब तक संभव नहीं है, जब तक कि सड़कों से अवैध पार्किंग और अवैध व्यवसाय नहीं हटाए जाते हैं। बेतरतीब ट्रेफिक और आवारा जानवरों की वजह से यहां ट्रैफिक की क्या स्थिति है? इस सब से सभी भली-भांति परिचित हैं। ऐसी तमाम जगह हैं शहर में, जहां अवैध पार्किंग और अवैध व्यवसाय सड़क पर किया जाता है और यहां से सैकड़ों अधिकारी, शासन व प्रशासन के लोग और अमूमन माननीय न्यायाधीश भी प्रतिदिन यहां से गुजरते होंगे, लेकिन देखकर भी नजर अंदाज कर जाना और फिर इस प्रकार के कानून लागू करना, कहां तक उचित हैं। इस पर मंथन जरूरी हैं और यदि हेलमेट लागू करना ही सरकार की मंशा है, तो फिर पहले सड़कों की दशा सुधारे, सड़कों से अवैध पार्किंग हटाए, सड़कों से आवारा पशुओं को हटाए, सड़कों पर व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों, मैकेनिक और हॉकर्स को हटाए, जिससे कि हेलमेट लगाकर चलने वाले को वाहन चलाते समय कोई परेशानी ना हो। प्रदेश की जनता हर बार इस गलत निर्णय का विरोध हेलमेट ना पहन कर चुकी हैं।




## साहित्य सभा की काव्य गोष्टी मैं डॉ कैलाश सुमन की पुस्तिका का हुआ लोकार्पण

### -मासिक काव्य गोष्ठी मैं कवियों ने अपनी कविताओं का जादू बिखेरा

**मुरैना।** साहित्य सभा मुरैना द्वारा रविवार को मावई कांपलेक्स बनखंडी रोड पर आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी के दौरान डॉ कैलाश सुमन द्वारा लिखी गई पुस्तक का लोकार्पण किया गया एवं मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं का जादू बिखेरकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष, शिक्षाविद, समीक्षक डॉ शंकर सिंह तोमर का स्वागत, सम्मान साहित्य सभा मुरैना के सचिव कवि मुरारीलाल प्रजापति यथार्थ द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि एवं गीतकार भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ का स्वागत सम्मान रविराज चौहान द्वारा किया। तत्पश्चात् कृतिकार डॉ कैलाश सुमन की नवीन छंद पुस्तक * कैलाश की कुंडलियां * का लोकार्पण साहित्य सभा मुरैना के अध्यक्ष, शिक्षाविद, समीक्षक एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा शंकर सिंह तोमर के कर कमलों से किया गया। लोकार्पण समारोह एवं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता भी डॉ तोमर ने की व मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार रामवरन शर्मा सरस्वती द्वारा किया गया। इसी क्रम में डॉ कैलाश सुमन द्वारा धौलपुर से पधारे कवि मनोज सिंघल बैचेन का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कवि सीताराम बघेल, डॉ देवेन्द्र तोमर, वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती भारती जैन, कवयित्री श्रीमती महिमा जैन, वरिष्ठ व्यंग्यकार नरेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र सोनी, डबरा से महेन्द्र श्रीवास्तव, साहित्यकार अब्दुल रहमान अब्बासी, कवि संजेश शर्मा, कवि रवि तोमर रजोदा, कवि रामौवतार शर्मा सांड, हास्य कवि रविराज चौहान, रामानन्द अछाई आदि शामिल हुए। सभी ने सारगर्भित उत्कृष्ट रचनाएं पढ़ीं। अंत में साहित्य सभा मुरैना के सचिव कवि एवं गीतकार मुरारी लाल प्रजापति यथार्थ द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी कवियों का आभार व्यक्त किया गया।

# गुमटियों पर अवैध शराब बेच रहे आधा दर्जन से अधिक दुकानदार गिरफ्तार



**मुरैना।** जौरा थाना पुलिस ने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गुमटीयों पर परचून के सामान के अवैध मसाला एवं देशी शराब बेचते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार की अवैध शराब बरामद कर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

पुलिस कप्तान आशुतोष बागरी के निर्देश पर अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जौरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से ग्रामीण क्षेत्रों में गुमटीयों पर तलाशी अभियान चलाया तो आधा दर्जन से अधिक दुकानदार सिगरेट एवं जर्दा पाउच की आड़ में अवैध शराब बेचते हुए पाए गए, जिन्हें गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की गई है। लक्ष्मण कुशवाह अगरोता, संतोष कुशवाह सारस भाई का पुरा, पूरन कुशवाह सारस भाई का पुरा, पृथ्वीराज जाटव माली बाजना, रामअवतार प्रजापति गैपरा, हरी सिंह रजक माली बाजना, श्रीनिवास कुशवाह गैपरा, लाखन रजक माली बाजना, धर्मेंद्र रजक माली बाजना, संतोषी कुशवाह सारस बाई का पुरा, चंचल सविता ब्लॉक पुरा, बीरबल कुशवाह काशीपुरा, रणवीर रजक चिरायतनी, ज्ञान सिंह परमार एहरोली गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने इनके पास से 50 हजार रुपए की अवैध देशी मसाला, देशी प्लेन शराब बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अरुण सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक बीएस परिहार, कपिल पाराशर एएसआई, कन्हैया सिकरवार, कृष्ण अवतार पाराशर, मनोज परमार, गजेंद्र सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह राजावत, विकास शर्मा, रामेंद्र परमार, रामवीर राजावत, एएसआई प्रदीप त्यागी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## 10 हजार का गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार




**मुरैना।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा तस्करी करने आए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशीले पदार्थों के विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सबलगढ़ के के सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में दो युवक अवैध नशीला पदार्थ लेकर जा रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया और तलाशी लेने पर 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला, जिसकी कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। सबलगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उनि के.के. सिंह. उनि राजेश कुमार गर्ग, उनि प्रताप सिंह लोधी, आर. प्रहलाद सिंह रावत, अमर सिंह रावत, अनारसिंह रावत, राहुल अटेरिया, अटल शर्मा, म.आर. नेहा सोलंकी, चालक अनिल थाना सबलगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

# तेज वर्षा होने के कारण किसानों के फसल नुकसान को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**मुरैना।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस के नेतृत्व में कई गावों से आए सैकड़ों ग्रामीण किसान अपनी खराब फसल की बाजरे की बाल और करब के गट्ठे लेकर आए और रोते हुए बोले की साहब हम चूहे मार जहर साथ में लेकर आए है या तो सरकार मुआवजा दे नहीं तो हम जहर खाने को मजबूर हैं। पिछले तीन-चार दिनों से हुई बारिश मुसीबत बन गयी है, बारिश की वजह से खेतों में कटी रखी एवं पकी फसल को बेहद ज्यादा नुकसान पहुंचा है, सरसों की बोवनी पर भी संकट पैदा हो गया है, जिससे इस वर्ष सरसों की बोवनी नहीं हो पा रही है।

दरअसल 15 अक्टूबर तक सरसों की बोवनी सबसे ज्यादा मुफीद मानी जाती है लेकिन इस वर्ष भारी बरसात के कारण खेतों में पानी भरा हुआ है जिससे बोवनी फिलहॉल संभव नहीं है जिससे किसानों के लिये संकट बढ़ गया है। उधर बाजरा, सोयाबीन, उडद, धान, मूंग, तिली, ज्वार आदि फसलों में बेहद नुकसान हुआ है किसानों की फसल जल-मग्न हो रही है किसानों ने बेजोड मेहनत करकर जो फसल उगाई थी। वह पूरी तरह नश्ट हो चुकी है किसान के पास खेती के अलावा



जीवन-यापन करने के लिये और कोई साधन नहीं, इसलिए किसान आत्म-हत्या करने के लिये मजबूर है। किसान के पास खेती के अलावा अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिये कोई और रास्ता नहीं है। किसानों की 10 हजार हेक्टर बाजार की फसल कटी पड़ी है। अभी 8 अक्टूबर को 52 मिमी, 9 अक्टूबर को 48 मिमी, 10 अक्टूबर को 62 मिमी एवं 11 अक्टूबर को 55 मिमी बारिश होने का अनुमान है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार भारी वर्षा हाने के कारण खेत पूरी तरह पानी से भर जायेंगे। ऐसे में किसान कटी हुयी फसल को ना ही उठा सकता है और ना ही सरसों या अन्य किसी फसल की बोवनी कर सकता है। किसानों को समय पर सोसायटी पर खाद्य उपलब्ध नहीं करा पा रही है। किसान सुबह 3 बजे से लाइन में लगा रहता है और फिर भी कूपन नहीं मिल पाता जो किसान बगैर कूपन के रह जाता है। उसे लोटकर घर जाना पड़ता है और सोसायटी द्वारा किसानों को तीन कट्टे निर्धारित किए है। जो कि गलत है किसानों को जमीन की जरूरत के हिसाब से जितना खाद्य मिलना चाहिए। जिस किसान पर जितनी जमीन है, उसे उतनी मात्रा में खाद मिले और प्रतिदिन कूपन एवं खाद वितरण होना चाहिए और बाजार में प्राइवेट दुकानों पर खाद स्टॉक कर सोसायटी से ऊपर दाम बढाकर बेचा जा रहा है, उन पर कार्यवाही की जावे व उन पर जुर्माना भी किया जाए। किसान कांग्रेस ने मांग की है कि मुरैना शहर में भारी वर्षा होने के कारण शहर वासियों के कई मकान ढह गये, पानी के बोरिंग पम्प खराब हो गये उनको उचित मुआवजा दिया जावे एवं किसानों को समय-समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराये जावे। नहीं तो किसान कांग्रेस उग्र आन्दोलन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# अखिल भारतीय चिकित्सा संघ का प्रथम वार्षिक सम्मेलन संपन्न




**मुरैना।** शहर के जगदम्बा पैलेस में अखिल भारतीय चिकित्सा संघ का प्रथम वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ ए.एस. भल्ला संस्थापक, डॉ. के.के. शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एम एस राजपूत, डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ सचेतव्यास राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.एन. एस. तोमर एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित हुये। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय चिकित्सा संघ मुरैना द्वारा किया गया। मुरैना जिला के अध्यक्ष डॉ. जी.एस. परिवार, उपाध्यक्ष डॉ. जे. एस. बंसल, आर. डी. कोठारी, महासचिव डॉ शैलेन्द्र गौड, कोषाध्यक्ष डॉ. आर.पी. सोलंकी डॉ धारा बंदल संगठन सचिव दिलीप दोनेरिया, मुरारी कुशवाह, एवं सरसक डॉ. वी आर कौशल डॉ. गिरीश त्रिपाठी सहित सभी जिला कार्यकारिणी के प्रयासों से कार्यक्रम सफल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूरे जिले से 400 से अधिक चिकित्सक उपस्थित हुये। कार्यक्रम में कि अम्बार, पोरसा, वानमौर, जौरा, कैलारस, सबलगढ एवं दूर दराज से अनेकों चिकित्सकों ने भाग लिया।

# केन्द्रीय गृहमंत्री के ग्वालियर दौरे को लेकर रघुराज कंषाना ने ली मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की बैठक

**मुरैना।** केन्द्रीय गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह के आगामी 16 अक्टूबर 2022 को ग्वालियर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर म0प्र0 पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष रघुराज कंषाना द्वारा बानमोर एवं रिठौरा मंडल के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में श्री कंषाना ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए क्षेत्र की आमजनता के बीच कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार की बात कही। विदित हो कि केन्द्रीय गृह मंत्री ग्वालियर में नवीन एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए श्री कंषाना ने कहा कि यह ग्वालियर-चंबल संभाग के लिये यह गौरव की बात है कि केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से ग्वालियर-चंबल संभाग को नवीन एयरपोर्ट की सौगात भाजपा सरकार द्वारा दी गई। 16 अक्टूबर 2022 रविवार को देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस नवीन एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे तथा मेला ग्राउण्ड मैदान में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री कंषाना ने बताया कि मुरैना विधानसभा ग्वालियर सीमा से लगी हुई है। इसलिये हमारा दायित्व है कि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व श्री सिंधिया एवं केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर तेजी से बढ रहा है। 446 करोड की लागत पर बन रहा यह भव्य नवीन एयरपोर्ट अंचल के विकास में काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। जिस



हिसाब से कोरोना काल के बाद जिस तरह ट्रेनों में रिजर्वेशन की संख्या बड़ी है, उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्वालियर-चंबल संभाग के लोगों के लिये यह नवीन एयरपोर्ट अत्यधिक उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर बानमोर मंडल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गर्ग, बानमोर मंडल अध्यक्ष पंजाब सिंह कुशवाह एवं सभी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान सिंह जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता लक्ष्मन जाटव, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजवीर यादव, नत्थी सिंह गुर्जर, अंकित कंषाना, दीपेश गर्ग समस्त वार्ड पार्षद एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह रिठौरा मंडल की बैठक में रिठौरा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र किरार एवं समस्त मोर्चा मंडल अध्यक्ष, पूर्व किसान मोर्चा नरेन्द्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, जयप्रकाश पाठक, राकेश श्रीवास्तव, मंडल मंत्री महेन्द्र चौहान तथा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीरवी समाज कर्नाटक महासभा का विशेष सम्मेलन का समापन.

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ**

**बेंगलुरू** –दिनांक- 9/10/2022 रविवार को सीरवी समाज बलेपेट संस्था के भवन में सीरवी समाज महासभा कर्नाटक की महत्वपूर्ण मीटिंग विशेष आमसभा एक समाज एक नियम् समाज सुधार के लिए नियम व उप नियम को पूरे कर्नाटक की सभी बढ़ेरो में लागू करने हेतु मंथन शिविर सुधार के लिए चिंतन व सभी के सहयोग से लागू करने के लिए, समाज की आम सभा रखी गई जिसमें सभी कर्नाटक की बढेरो के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व कमेटी सदस्य व गणमान्य उपस्थित थे। महासभा की आम सभा के लिए माइक संचालन प्रेम किशोर मीडिया प्रभारी महासभा कर्नाटक द्वारा किया गया, और सर्व प्रथम माँ आईजी की पुजा अर्चना व आरती व आईमाताजी को पुष्प अर्पित कर सभी के लिए मंगल कामना की गई।तत्पश्चात् अध्यक्ष विरमराम सोलंकी द्वारा स्वागत भाषण





किया गया और महा सचिव लक्ष्मण आगलेचा द्वारा समाज के नियम और उप नियम बताए गए, बाबूलाल परिहार कोषाध्यक्ष महासभा सीरवी समाज कर्नाटक के द्वारा पूरी अवधि का आय व्यय का 17/08/2022 तक का ब्यौरा दिया गया, फाउलाल परिहारिया उपाध्यक्ष सीरवी समाज महासभा कर्नाटक द्वारा आमसभा को नियमों व उपनियमो की बारीकियां व आज की महत्ती जरूरत के बारे में बताया । पुनाराम बर्फा उपाध्यक्ष सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ने भी इन नियमों पर प्रकाश डाला। वेनाराम बर्फा सह सचिव सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ने भी इन सभी नियमों की आवश्यकता पर जोर डाला फिर इस विषय पर चर्चा के बाद सभी कर्नाटक की सीरवी समाज की बढ़ेरो ओर संस्थायों के सहयोग से संशोधन करने के बाद नियम और उपनियम तय हुए। इन सभी नियमो के बारे मे चर्चा हुई और महासभा के सभी पधादिकारी ओर कार्यकारणी व सभी कर्नाटक के बढ़ेरो की सभी संस्थाओ ने मिलकर ये नियम 1/1/2023 से पूरे सीरवी समाज कर्नाटक पर लागू करने का प्रण लिया। इसके साथ ही सभी संस्थाओ मे रविवार को शिक्षा और संस्कृति व बाल संस्कार के शिविरों का आयोजन सुचारु रूप चले ऐसा निर्णय लिया। एक नई युवा टीम का भी गठन जल्द किया जाएगा और महिला मंडल का गठन होगा और महासभा के द्वाराआगे से डिजिटल इंडिया के तौर पर एक पूरी टेक्नीशियन की टीम भी तैयार की जाएगी हरीश मुलेवा ने इसके बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। बलेपेट वडेर के सचिव नारायणलाल लचेटा ने सभी को हार्दिक बधाई देकर आभार व्यक्त किया ।इसके बाद सभी संस्थाओ से आए अध्यक्ष व सचिव द्वारा ओर भी समाज सुधार के लिए अपने सुझाव दिए। आयोजन सुबह से देर रात्त तक चला।स्थल पर नास्ता ,चाय ,कॉफी,दोपहर व शाम को स्वरूची भोजन पानी की अतिसुंदर व्यवस्था महासभा द्वारा की गई। यह जानकारी कैलाश बर्फा मीडिया प्रभारी सीरवी समाज महासभा कर्नाटक द्वारा दी गई।

## शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि बने प्रीतम प्रजापति

**रिर्पोटर - प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मधुसुदनगढ़-**–छात्रों को उन्नत एवं आधुनिक जोड़ा जाए खुशनुमा माहौल में शिक्षा प्रदान करने से बुद्धि विकास की गति बड़ जाति है।विधायक प्रतिनिधि प्रीतम प्रजापति विधायक लक्ष्मण सिंह ने मधुसुदनगढ़ छेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए वारोद निवासी प्रीतम प्रजापति को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह ने आईटी सेल के कर्मठ योद्धा प्रीतम प्रजापति बारोद को शिक्षा विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा की शिक्षा के स्तर में सुधार लाने एवं छात्रों की विद्यालय की समस्यायों से सीधे तौर पर मुझे अवगत करवाने के लिए प्रीतम प्रजापति को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए प्रीतम प्रजापति को मधुसुदनगढ़ सहित चाचौड़ा ब्लॉक एवं कुंभराज ब्लॉक के नेताओ ईस्ट मित्रो ने शुभकामनाए दी इस मौके पर मोजूद रहे बधाई





करता शहर कांग्रेस अध्यक्ष खेमराज नेगी,नंद किशोर शर्मा,लाल सिंह गुर्जर,राजेंद्र सिंह (सरपंच),प्रदीप शर्मा यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि,नरेंद्र चौरसिया,धर्मेंद्र प्रजापति, एवं कुंभराज चाचौड़ा ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेस जन मोजूद रहे।

## भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ''छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक'' का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ''छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी बड़े ही उत्साह के साथ इन खेलों में भाग ले रहे हैं। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 11 अक्टूबर तक विभिन्न ग्रामों और शहरी क्षेत्रों में राजीव गांधी युवा मितान क्लब स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सभी वर्गों की भागीदारी नजर आ रही है। ग्रामीण बुजुर्गों ने ''छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक'' को बहुत अच्छी पहल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेलों के आयोजन से अब फिर से हम लोग अपने स्थानीय खेलों को खेल रहे हैं, जिससे एक



नए उत्साह भरे माहौल का निर्माण गांव में हुआ है। अब बच्चे व आने वाली पीढ़ियां भी हमारे पुराने समय से चलते आ रहे स्थानीय खेलों के प्रति जागरूक होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 06 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति से लोगों को जोड़ कर रखने व स्थानीय खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए ''छत्तीसगढ़िया ओलंपिक'' का आयोजन 06 अक्टूबर से 06 जनवरी 2023 तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दलीय एवं एकल श्रेणी में 14 प्रकार के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं।

## 3 दिवसीय संविधान मेला का होगा आयोजन

### पी डी भालाधरे ने सभी से उपस्थित होने की अपिल की

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा भारत द्वारा आयोजित देश का आठवां तीन दिवसीय संविधान मेला का आयोजन दिनांक 23, 24 एवं 25 अक्टूबर 2022 को



नगर निगम आडिटोरियम रायगढ़ छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक आयोजित होने जा रहा है। जिसमें भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के सदस्य एवं करूणागिरी कलपाथरी के अध्यक्ष पी डी भालाधरे ने सभी से उपस्थित होने की अपिल की है। पी डी भालाधरे ने चर्चा में बताया कि उक्त संविधान मेला में संविधान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा जिसमें संविधान में निहित नागरिक कर्तव्य, अधिकार, संविधान की पर्याप्त जानकारी, प्रदर्शनी प्रतियोगिता, चलित संविधान पाठशाला, सामुहिक संविधान अध्ययन, निबंध लेखन की आनलाइन आफलाइन प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, प्रश्नोत्तरी, नाटक अभिनय प्रतियोगिता, गीत संगीत तथा संविधान ज्ञान परिक्षा जैसे गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन 50 प्रतिभागी मंचस्थ होकर अपनी अभिव्यक्ति देंगे। उक्त कार्यक्रम में संविधान की समुचित जानकारी प्राप्त करने सभी से उपस्थित होने की अपिल करता हूं।

# नगर परिषद रन्नौद में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचालन लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत







**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

यह लेख भारत के एक सांस्कृतिक संगठन आर एस एस के बारे में है। अन्य प्रयोग हेतु आर एस एस देखें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक ,[1] हिन्दू राष्ट्रवादी,[2] अर्धसैनिक,[3] स्वयंसेवक संगठन हैं, जो व्यापक रूप से भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का पैतृक संगठन माना जाता हैं।[4] यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। आर एस एस के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है

नगर परिषद रन्नौद में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के उपलक्ष में रन्नौद खण्ड का रन्नौद नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया जिसमे सैकड़ों की जनसंख्या में नगर के लोगो ने बड़ चढ़ कर भाग लिया बा बड़ी धूम धाम से नगर के लोगो ने फूल बरसा कर स्वागत किया पथ संचालन नगर के श्री राम गार्डन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बापिस श्री राम गार्डन में समाप्त हुआ

# पांडरी पाठ धाम में मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

### शरद पूर्णिमा पर चंद्रमयी किरणों से बनी अमृतमय खीर

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट संपूर्ण क्षेत्र में शरदपुर्णिमा पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ परंपरागत रूप से मनाया गया। घरों के अलावा मंदिर व सार्वजनिक स्थलों पर संध्या से ही तैयारीयां कर रात्रि में भजन - पूजन कर चंद्रमा की किरणों में प्रसाद रूपी खीर बनाकर उपस्थित लोगों को वितरित किया गया। नगर में मां लंजकाई, मां काली, मां शीतला, मां गायत्री मंदिर के अलावा ग्रामीण अंचलों में ग्राम माता मंदिर एवं सार्वजनिक स्थलों में भक्ति भाव से जागरण करते हुए खीर बनाकर प्रसादी का वितरण किया गया।





### पांडरी पाठ धाम में मनाया उत्सव

प्राकृतिक एवं सुरम्य वादियों में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पांडरी पाठ धाम में शरद पूर्णिमा उत्सव आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। यहां ग्राम व मंदिर समिति की भजन मंडली द्वारा देर रात तक जागरण करते हुए जस भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसी बीच 51 लिटर दूध से बनी खीर व पुरी का उपस्थित भक्तों को वितरण किया गया। मंदिर के संरक्षक पंडा रेखलाल कावरे ने चर्चा में बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि का जागरण और चंद्रमा की किरणों से बनी खीर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती है। इसी तरह कार्तिक मास में प्रातः सूर्योदय के पूर्व स्नान व ध्यान से भी लाभ होता है व भक्तों की भक्ति बढ़ती है।

## मैनपुर थाना में पदस्थ आरक्षक ने खुद को मारी गोली, मौत

### गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना में दो माह के भीतर दो बड़ी घटना

**संवाददाता हेमचंद नागेश पुष्पांजली टुडे**

**मैनपुर-** गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना से एक बड़ी खबर निकलकर



सामने आई है मैनपुर थाना में पदस्थ एक आरक्षण दिनेश कोसले ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है अभी तक मौत के कारण सामने नहीं आया है मामले की पुष्टि एसडीओपी पुलिस अनुज गुप्ता ने करते हुए बताया मैनपुर थाना में पदस्थ आरक्षक दिनेश कोसले ने रात में अपने कमरे में सोने गया था जब सुबह उसे जगाने कर्मचारी गऐ तो उसके कमरे में शव मिला है उन्होंने थाने के रायफल से अपने आप को गोली मार लिया है जिससे उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि यह पुलिस का आरक्षण थाना परिसर के भीतर आबंटित अपने आवास में निवास करते थे और मंदिरहसौद रायपुर का रहने वाला है तथा एक वर्ष से मैनपुर थाना में पदस्थ हैं महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी लगभग दो माह पूर्व ही मैनपुर थाना में पदस्थ एक एएसआई शंकर लाल सिदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था मैनपुर थाना में दो माह में यह दुसरी बडी घटना है जो यह सोचने को मजबूर करता है कि आखिर पुलिस के अधिकारी और जवान किन परिस्थितियों में ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर हुऐ हैं

# छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा ने प्रेस वार्ता कर कहा

**स्टेट ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी**

**छत्तीसगढ।** सर्वविदित है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम ब्लॉक कांग्रेस का पदाधिकारी(महामंत्री) तेलंगाना में दो महिला व दो पुरुष नक्सलियों के साथ पकड़ा गया है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है कि नक्सल प्रभावित राज्य के अतिसंवेदनशील इलाके का सत्तारूढ़ पार्टी का जिम्मेदार नेता नक्सलियों के साथ दूसरे राज्य में पकड़ा गया है। नक्सली आज कांग्रेस की बी टीम की तरह काम कर रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है। - आपने इससे पहले भी गौर किया है कि नक्सलियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ छत्तीसगढ़ में किसानों को उकसाते हुए पत्र जारी किया था। उसकी भाषा देख लें और कांग्रेस का एजेंडा देख लें, आपको कोई फर्क नहीं लगेगा। ऐसा लगेगा मानो कांग्रेस




सरकार से जुड़े लोगों ने पत्र ड्राफ़्ट करके नक्सलियों को दिया हो और नक्सलियों ने उसे अपने लेटर पैड पर जारी कर दिया हो। उस पत्र में एक भी शब्द कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं है। जबकि कांग्रेस की उपेक्षा और कुनीतियों में कारण राज्य में छः सौ से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। कांग्रेस और उसकी सरकार में सक्रिय सहयोग के ये दो-चार उदाहरण ही नहीं हैं। ऐसे तमाम मामले आपको दिखेंगे। नक्सली खुले आम बारह किलोमीटर लम्बी रैली निकाल लें और सरकार को पता ही नहीं चले, ऐसा कैसे हो सकता है? नक्सलियों और कांग्रेस की साठगाँठ पर केंद्र अलग से जांच करे, इसकी भी हम माँग करते हैं। इस हेतु हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव गृह मंत्रालय को पत्र लिख रहे है।

जिस नक्सल आतंक का जन्म ही किसानों के खिलाफ हुआ था। किसान परिवार से ही आने वाले हमारे जवानों-सुरक्षा बलों को जो नक्सली नृशंसता से हत्या करते हैं, अनेक ग्रामीणों को भी बर्बरता से मार चुके हैं यहां तक छत्तीसगढ़ के कई नेता भी नक्सलियों द्वारा मारे गए हैं, ऐसे में कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा इलाज हेतु नक्सलियों को तेलंगाना ले जाना एक अति चिंतनीय विषय है छत्तीसगढ़ के आम लोगों की सुरक्षा के साथ एक बड़ा समझौता किया गया है इससे पहले भी कांग्रेस और नक्सलियों की साठगाँठ के दर्जनों साक्ष्य सामने आते रहे हैं। झीरम मामले में तो खुद राहुल गांधी ने नक्सलियों को क्लीन चिट दे दी थी। इसके अलावा बात चाहे दिग्विजय सिंह, राज बब्बर समेत दर्जनों कांग्रेसी वनेताओं के नक्सलियों के पक्ष में समय समय पर बयान देने की हो, या फिर किसी अन्य प्रदेश में नक्सलियों की गिरफ़्तारी पर खुद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा उनके बचाव में बयान देने की, कांग्रेस इनका हमेशा सहयोग करती रही है। कांग्रेस हमेशा राजनीतिक समर्थन देकर नक्सलियों के विरुद्ध लड़ाई को कमजोर करती रही है। विगत दिनों नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में शहीदी सप्ताह मनाया। इस दौरान 12000 लोगों के साथ नक्सलियों ने नाचते गाते 8 से 10 किलोमीटर लम्बी रैली निकाली। 65 फिट का छह मंजिल बिल्डिंग से ऊंचा स्मारक बनवाया। रैली में 50 लाख से लेकर एक करोड़ तक के इनामी शीर्षस्थ नक्सली नेता शामिल थे। समाचार बताते हैं कि विगत 8 माह से इसकी तैयारी हो रही थी।

## विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष बनें देवी राम विष्वकर्मा

**अभिषेक कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**सिरोंज।** रविवार को देर रात विश्वकर्मा समाज समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए जटाशंकर विश्वकर्मा मंदिर परिसर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्वकर्मा समाज के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधू उपस्थित हुए। समाज के सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोग भी बैठक में मौजूद रहे। सभी की सर्व सम्मति से समाज में अपनी सहभागिता को देखते हुए देवी राम विश्वकर्मा का नाम बहुमत से चयनित किया गया और उन्हें समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मदिर में उपस्थित सामाजिक बंधुओं के ओर से नवनियुक्त अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर समाज अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी गई।



## बैसली नदी में पानी के बढ़ते स्तर को देखते हुए एसडीएम ने लगाई डेम पर जाने से रोक

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** / 10 अक्टूबर 2022 को एसडीएम शुभम शर्मा ने बैसली डेम पर जाना प्रतिबंधित कर दिया है गोहद स्थित बेसली बाँध (बंधा) में पानी की मात्रा अत्यधिक हो जाने के कारण तथा बहाव तेज होने से डेम से पानी ओव्हर फ्लो हो रहा है। डेम की दीवाले फिसलन भरी हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना एवं जनहानि को रोका जाना आवश्यक है किंतु फिर भी कई नगरवासी डेम की दीवालों पर चढते हैं वाहन धुलवाते हैं तथा डेम में घूमने जाते हैं। जो कि जोखिमभरा हो सकता है। इसी को देखते हुए बेसली डेम पर एवं डेम की दीवालों पर टहलना, पिकनिक मनाना, वाहन धुलवाना, नहाना, तैरना, कपडे धोना कार्य, पशु को नहलाना कार्य प्रतिबंधित किया है। बेसली डेम पर जल बहाव अत्यधिक होने से तथा लगातार बारिस होने से उक्त कार्यो पर प्रतिबंध लगया गया है। ऐसी स्थिति में नगरवासी एवं ग्रामीणजन बेसली डैम पर एवं पानी के आसपास नहीं जायें।ऐसी अपील एसडीएम शुभम शर्मा द्वारा की गई है

## नगर में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचालन लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत

**प्रदीप जैन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

**रन्नौद** नगर परिषद रन्नौद में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के उपलक्ष में रन्नौद खण्ड का रन्नौद नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया जिसमे सैकड़ों की जनसंख्या में नगर के लोगो ने बड़ चढ़ कर भाग लिया बा बड़ी धूम धाम से नगर के लोगो ने फूल बरसा कर स्वागत किया पथ संचालन नगर के श्री राम गार्डन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बापिस श्री राम गार्डन में समाप्त हुआ



## मधुसुदनगढ़ पालीवाल समाज द्वारा आयोजित किया गया गरबा महोत्सव

**रिपोर्टर -प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजली टुडे**

मधुसुदनगढ़ में पालीवाल समाज महिला मंडल द्वारा सुठालिया रोड स्थित सवारियां गार्डन में गरबा महोत्सव किया गया जिसमे समाज के पुरुष महिलाएं एवं छोटे छोटे बच्चो बच्चियों ने भाग लिया जय माता आशापूर्णा के जय कारो के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमे नगर के पालीवाल समाज के सभी लोग उपस्थित रहे जो देर रात तक चला।



## शिवपुरी कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए-

**संवादाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**



**कलेक्टर** शिवपुरी, 10 अक्टूबर 2022/ कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने टीएल बैठक में समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अभी जनसेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सर्वे दल गठित किए गए हैं। सर्वे दलों को घर-घर जाकर सर्वे करना है और हितग्राहियों को चिन्हित करना है। इसके लिए निर्धारित फॉर्मेट भी तैयार किया गया है जिसमें जानकारी एकत्रित करनी है और घर के बाहर स्टीकर लगाना है। जो भी पात्र हितग्राही हैं, जनसेवा अभियान के तहत अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए और जन सेवा पोर्टल पर भी दर्ज किया जाये। इसमें सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं वह अपने क्षेत्र के अमले के साथ समन्वय करके अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराएं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जनसेवा अभियान के अलावा सीएम हेल्पलाइन और समय सीमा पत्रों की समीक्षा की।

## करवा चौथ थाली सजाओ प्रतियोगिता संपन्न

**रिपोर्टर - प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मधुसूदनगढ़** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की इकाई अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल द्वारा स्थानीय धर्मशाला भवन में महाराजा अग्रसेन जी का चित्र पूजन तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल की युवा जिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मंगल ने बताया कि उनके तथा उनकी टीम द्वारा आगामी त्यौहार करवा चौथ के लिए थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं तथा बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशबू बंसल द्वितीय पुरस्कार प्रियंका बंसल तथा तृतीय पुरस्कार साथी बंसल को मिला




अभी हाल ही में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा द्वारा मधुसूदनगढ़ में अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल का गठन किया जिसमें श्रीमती मनीषा मंगल को महिला कार्यकारिणी मध्य प्रदेश का युवा गुना जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा श्रीमती वर्षा अग्रवाल को जिला महामंत्री जिला उपाध्यक्ष पद श्रीमती श्वेता गोयल श्रीमती रेनू मंडल जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती अंकिता बंसल जिला सचिव श्रीमती राधिका बंसल सह सचिव श्रीमती सोनू बंसल संगठन मंत्री श्रीमती निशा अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती सुनीता अग्रवाल श्रीमती मधु अग्रवाल जिला संचालक श्रीमती स्वाति बंसल तथा श्रीमती प्रियंका बंसल को जिला व्यवस्थापक पद पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती साधना अग्रवाल तथा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश अग्रवाल की अनुशंसा पर मनोनीत किया गया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन तथा नवयुवक एवं नव युवतियों तथा स्वजन एवं मित्रों द्वारा कार्यकारिणी के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## रेल जोड़ो जन आंदोलन सफलता पूर्वक हुआ सम्पन्न

### यात्री ट्रेन नही मिला तो करेंगे चक्का जाम-डॉ शाही

**आनंद कुमार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

हजारीबाग-हजारीबाग रेल जोड़ो जन आंदोलन के द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जन आंदोलन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया । इस आम सभा में यह मांग की गई की . कि हजारीबाग से महानगरों के लिए एक्सप्रेस ट्रेन के अलावा अन्य ट्रेनें भी दी जाए ।जन आंदोलन के माध्यम से चितरंजन गुप्ता ने कहा कि पिछले 8 वर्ष पूर्व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया था जिसका उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया था परंतु तब से लेकर आज तक हजारीबाग के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं कि उन्हें अब तक एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं दी गई है और लोग आज भी महानगरों के लिए आने जाने के लिए या तो कोडरमा या रांची जाते हैं हजारीबाग रेलवे स्टेशन का निर्माण केवल कोयला ढोने के लिए किया गया है । जन आंदोलन के अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय को 4 महीने का अल्टीमेटम दिए है अगर इन 4 महीनों में हजारीबाग से किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन नहीं होता है तो 30 जनवरी को रेल रोको जेल भरो आंदोलन बड़े पैमाने पर किया जाएगा । मंच संचालन करते हुए आंदोलन प्रवक्ता दीप प्रकाश नारायण ने कहा कि हजारीबाग रेलवे स्टेशन को सिर्फ सेल्फी प्वाइन्ट बना कर रख दिया है। डा0 आनंद शाही ने कहा कि रेल आंदोलन तब तक जारी रहेगा जबतक हजारीबाग मे ट्रेन आ नही जाती ।जन आंदोलन में बटेश्वर मेहता , रुचि कुजुर , मनीष शर्मा ,अजय गुप्ता,पूजा कुमारी,बिना मिश्रा, नगीना तिवारी,ज्योत्सना देवी,संजीव कुमार,उपेन्द्र सिंह,कृष्णानंद मिश्रा, कुश सिन्हा , राजेन्द्र प्रसाद , कृष्णा कुमार , विशाल वाल्मीकि , रोहित कुमार , उदय मेहता , उदय साव , मुशी महतो अनिल गुप्ता राजेंद्र प्रसाद संतोष वर्मा रंजीत चटर्जी विशाल कुमार विवेक कुमार जागेश्वर साहू धर्मेंद्र कुमार और .विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओ के साथ लगभग सैकड़ों स्थानीय लोग भी शामिल हुए।




## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के पत्र को निरस्त करने के लिए दिया ज्ञापन

### जिला कलेक्टर ने नीतियों में दिये कर्तव्य को छोड़ कर जनमानस के हितों के लिए कार्य करने की दी सलाह



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से है जहां आज स्वास्थ्य सामुदायिक कर्मचारी द्वारा बताया गया कि हम समस्त संविदा सामुदायिक स्वास्थ कर्मचारियों की पदस्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु की गई है, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रदेश कार्यालय से रोजगार सहायक एवं अन्य कॉमन सर्विस सेंटर इत्यादि को अधिकृत किया गया है, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। चूकी, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है किंतु इसमें सिर्फ खाधान पात्रता परिवार पात्र हितग्राही है एवं पात्रता सूची में जोड़ने और हटाने संबंधी समस्त निर्णय ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया जाता है, इसीलिए प्रदेश कार्यालय से भी कार्ड बनाने हेतु कर्मचारियों को नामांकित किया गया है। इससे हमारे कैडर की छवि धूमिल हो रही है. ग्रामीण जन हमें स्वास्थ्य सेवा प्रदाता कम समझते हुए कॉमन सर्विस सेंटर बाला अधिक समझने लगे है इससे हमारी दैनिक ओपीडी भी कम हो गई है और हमारे मूल कार्यों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के पत्र को निरस्त करने की करें, और हमारे कैडर अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने दिया जाए अन्यथा आयुष्मान कार्ड न बनाने संबंधी समिति के निर्णय अनुसार, हम समस्त जिला शिवपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों का इस्तीफा उच्च कार्यालय के लिए प्रेषित करेंगे। वही कलेक्टर महोदय ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की बात सुनते हुए उनको बताया कि कभी-कभी नीतियों में दिए गए कर्तव्यों को छोड़कर हमें जनमानस के हितों के लिए भी कार्य करना पड़ता है तभी समाज एवं आमजन लोगों की भलाई होती है यदि हम थोड़े से प्रेशर पर अपने कर्तव्यों से भागेंगे तो हम एक अच्छे नागरिक नहीं बन सकते कलेक्टर साहब ने बताया कि कभी-कभी प्रधानमंत्री जी भी जनहित ओं के लिए नियम जारी करते हैं जो हमें फॉलो करना पड़ता है इसलिए आप लोग भी अपने कर्तव्य से अलग जो आपको जन हितों के लिए कार्य सौंपा गया है उस पर खरे उतरे और अपनी प्रतिभा दिखाएं

# कांग्रेस ने दिया अतिवृष्टि से हुए किसानों के नुकसान के लिए मुआवजा दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन





**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से है जहां पर आज कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि गत दिनों से हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण जिले एवं पूरे प्रदेश मै किसानों की फसल काफी बर्बाद हो चुकी हैं और किसानों को आर्थिक नुकसान भी हो गया है जिससे किसान काफी रोष में है इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार किसानों का जल्दी से जल्दी सर्वे करवा कर उनको हुए नुकसान का मुआवजा दे ज्ञापन देने आए करैरा विधायक प्रागीलाल जाटव ने बताया विगत 4 दिनों से आपदा के रूप हो रही बारिश ने अन्नदाता की फसलों चौपट कर मुंह से निवाला छीनने का काम किया है, ऐसी स्तिथि मे हमारे अन्नदाता को सरकार से राहत की उम्मीद है क्योंकि किसी भी लोकतंत्रिक सरकार का दायित्व होता है की बिपत्ति के समय अपने जनमानस को राहत देना, प्रदेश के मुख्यमंत्री हमेशा कहते रहे हैं कि मैं किसान का बेटा हूं तो आपका तो दायित्व और ज्यादा बनता है इस संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार अपना फर्ज निभाते हुये प्रदेश और जिले मैं हुई फसलें सोयाबीन,धान,उडद,टमाटर,मूंगफली आदि का शीघ्र मापदण्ड अनुशार मुआवजा एवं विजली बिल, बैंक वसूली स्थगित करें,साथ ही किसानों को आगामी फसलों की वुबाई के लिए खाद ,बीज एवं सस्ता डीजल का उचित प्रवंध करें जिससे किसानों को राहत मिल सके।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं महापौर डॉ. सिकरवार ने पुरानी रेशम मिल में किया नाला निर्माण का भूमि पूजन

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुरानी रेशम मिल नाला निर्माण के कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि शहर विकास में कोई कमी नही आने दी जाएगी। बरसात के बाद विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार, क्षेत्रीय पार्षद श्री महेन्द्र आर्य, श्री मायाराम तोमर, श्री जगराम कुशवाह व श्री सुरेन्द्र चौहान सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






पुरानी रेशम मिल पानी की टंकी के पास 40 लाख रूपये की लागत से नाले का निर्माण होगा। भूमि पूजन अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि रेशम मिल में पानी के निकास की सुविधा सुव्यवस्थित नहीं थी, जिस कारण बरसात में जल भराव की समस्या बनी रहती है। नाले का निर्माण होने से इस समस्या से निजात मिल सकेगी। साथ ही कहा कि पानी की टंकी बनने से पेयजल समस्या का निदान हुआ है। क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त बिरला नगर प्रसूति गृह बनाया जा रहा है तथा सिविल अस्पताल बन चुका है। वार्डों में संजीवनी क्लीनिक स्थापित हो रही हैं, जहां आप कई प्रकार की जांचे भी निःशुल्क करा सकेगें।

महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि हम सभी मिलकर ग्वालियर का चहूमुखी विकास करेगें। आप जो भी समस्यायें मुझे बतायेंगे, उनको दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिये आप ÷मैयर हेल्प लाइन÷ पर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

# लंपी वायरस की रोकथाम के लिए कोरोना की तर्ज पर स्मार्ट सिटी में संचालित होगा कंट्रोल रूम

## कलेक्टर श्री सिंह ने ली गौसेवा से जुड़े समाजसेवियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक

ग्वालियर 10 अक्टूबर 2022/ गौ-वंशीय पशुओ को लंपी वायरस से बचाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए गए हैं। इस कड़ी में स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर में कोरोना काल की तर्ज पर लंपी वायरस से प्रभावित पशुओं के उपचार व सलाह के लिये कंट्रोल रूम संचालित होगा। इसके लिये चार टेलीफोन नम्बर जारी किए गए हैं। जिनके माध्यम से कोई भी व्यक्ति लंपी वायरस के लक्षण वाले पशुओं के उपचार के लिये मदद माँग सकता है। इस आशय की जानकारी कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने लंपी वायरस की रोकथाम के उद्देश्य से बुलाई गई बैठक में दी।



सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने उप संचालक पशुपालन को निर्देश दिए कि लंपी वायरस के लक्षण वाले गौवंशीय पशुओं को तत्काल आइसोलेशन सेंटर में पहुँचाने के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाएँ। उन्होंने लंपी वायरस के लक्षण वाले पशुओं के लिये ग्राम लदवाया में एक आइसोलेशन सेंटर स्थापित करने की मंजूरी भी बैठक में दी। ज्ञात हो जिले के ग्राम बरेठा व बंधौली में पहले से ही दो आइसोलेशन सेंटर संचालित हैं। उन्होंने बैठक में मौजूद गौ-रक्षकों एवं गौसेवा से जुड़े समाजसेवियों से ग्वालियर शहर के आसपास आईसोलेशन सेंटर के लिये जगह चिन्हित करने में मदद करने का आग्रह किया।

कलेक्टर ने उपसंचालक पशुपालन को यह भी निर्देश दिए कि आइसोलेशन सेंटर में हर दिन प्रातत्काल व सायंकाल 3 - 3 घंटे पशु चिकित्सक भी अनिवार्यतः मौजूद रहें। साथ ही चार विशेष टीम गठित कर ग्वालियर शहर की चारों दिशाओं की बस्तियों में भेजकर लंपी वायरस के लक्षण वाले पशुओं का टीकाकरण व उपचार कराएँ। इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन द्वारा वैक्सीन खरीदने के लिये रेडक्रॉस से धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने शनिश्चरा और रायरू क्षेत्र में अस्थायी गौशाला व आइसोलेशन सेंटर के लिये जगह ढूँढने के लिये कहा। साथ ही जनपद पंचायतों के मख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों से लंपी वायरस की रोकथाम में पूरी मदद दिलाएँ।

बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक पशुपालन डॉ. के एस बघेल, गौसेवा से जुड़े समाजसेवी व गौ-रक्षक तथा नगर निगम व पशुपालन विभाग के अधिकारी तथा जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद थे।

### ये हैं कंट्रोल रूम एवं चिकित्सकों के कॉन्टेक्ट नम्बर

लंपी स्किन डिसीज से संबंधित सूचनायें दर्ज करने एवं उपचार व टीकाकरण के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर में स्थापित कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 0751-2646605, 2646606, 2646607 एवं 2646608 निर्धारित किए गए हैं। कंट्रोल रूम तीन पालियो में संचालित रहेगा। प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक पशु चिकित्सक डॉ. प्रवीण उपाध्याय (मोबा. 9425407662) के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल तैनात रहेगा। इसी तरह दोपहर 12 बजे से सायंकाल 6 बजे तक पशु चिकित्सक डॉ. रमा गुप्ता (मोबा. 9806003013) और सायंकाल 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक पशु चिकित्सक डॉ. अशोक जैसवानी (मोबा. 9826253198) के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल कंट्रोल एवं कमाण्ड सेंटर में पशुपालकों के सहायतार्थ उपलब्ध रहेगा।

# त्योहार से पहले पुलिस ने की कॉबिंग गश्त

## 268 बदमाश किए चेक, 50 से ज्यादा शराब तस्कर धराए

ग्वालियर। सीएम के नशे के खिलाफ अभियान के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस ने नशे के सौदागरों तथा बदमाशों के खिलाफ कॉबिंग गश्त कर 130 वारंटी दबोचे हैं। इसके अलावा 268 बदमाशों को घर पहुंचकर चेक किया है। इसके साथ ही आधा 50 से ज्यादा स्थानों पर अवैध शराब तस्कर दबोचे गए हैं। दीपावली के त्योहार से पहले पुलिस ने यह कॉम्बिंग गश्त कर बदमाशों की धरपकड़ का अभियान चलाया है। एसएसपी अमित सांघी ने बताया बीते 24 घंटे में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस ने कांबिंग गश्त किया, कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर 63 प्रकरण दर्ज किए हैं। तस्करों को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है। इस दौरान पुलिस ने सड़कों पर आवारागर्दी करने वाले दो दर्जन से ज्यादा उत्पाती युवकों को भी खदेड़ा है।

### दरवाजे पर पहुंची पुलिस ली जानकारी

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने जिले के गुंडे और बदमाशों के घर का दरवाजा खटखटाया और बदमाशों को फिजिकल चेक करने के बाद उनसे जानकारी जुटाई कि वह क्या कर रहे हैं और किस तरह उनका खर्चा चल रहा है। पुलिस ने रात 130 निगरानी बदमाशों को चेक कर उनकी जानकारी जुटाई है।

# सिंधिया कन्या विद्यालय स्थापना दिवस 12 को, आज से शुरू होंगे खेल समारोह

## भारतीय टेस्ट क्रिकेटर डायना एडुल्जी होंगी मुख्य अतिथि

ग्वालियर। सिंधिया कन्या विद्यालय की स्थापना स्व.श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा स्थापना दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर को खेल दिवस भी मनाया जा रहा है। यह जानकारी विद्यालय प्राचार्य श्रीमती निशा मिश्रा ने दी।

प्राचार्य श्रीमती निशा मिश्रा ने बताया कि सिंधिया कन्या विद्यालय की संस्थापिका स्व. विजयराजे सिंधिया की स्मृति में 66 वां स्थापना दिवस 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11 अक्टूबर को खेल समारोह मनाया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय टेस्ट क्रिकेटर डायना एडुल्जी जिन्हें सबसे बड़ा सम्मान अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है एवं भारत सरकार द्वारा उन्हें 2002 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया ,जो इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, पेटीएम का आयोजन किया जाएगा, छात्रों द्वारा योग प्रदर्शन, सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### ये रहेंगे उपस्थित

प्राचार्य श्रीमती मिश्रा ने आगे बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सिंधिया कन्या विद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती सुनंदा सिंघानिया 1967 बैच की छात्रा को विजयाराजे सिंधिया अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा जाएगा यह अवार्ड स्कूल के संस्थापक स्व. राजमाता विजयराजे सिंधिया की याद में स्थापित किया गया है। श्रीमती सुनंदा सिंघानिया के साथ उनके पति डॉ रघुपति सिंघानिया चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर ऑफ जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज भी उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में महारानी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया, युबराज महा आर्यमन, एवं विद्यालय संचालक मंडल के सदस्य अतिथि गण तथा छात्र छात्राओं के अभिभावक गण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में प्राचार्य श्रीमती मिश्रा के साथ उप प्राचार्य गरिमा संधू, मयंक मधुकर, इवेंट इंचार्ज शिवांगी सहाय, मीडिया प्रभारी श्रीमती वैशाली श्रीवास्तव, श्रीमती लखविंदर कौर उपस्थित थी।

---------------

# केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 15 से, दूधिया रोशनी में भी होंगे कई मैच

ग्वालियर। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा राष्ट्रीय खेलकूद हैंडबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग 15 अक्टूबर से प्रारंभ की जा रहा है कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सांसद ग्वालियर, विवेक नारायण शेजवलकर होंगे यह जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्राचार्य गौरव कुमार द्विवेदी ने दी।

प्राचार्य श्री द्विवेदी ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 51 वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल खेलकूद प्रतियोगिता 15 से 19 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। जिसमें देश के सभी 25 जोन के 486 बालिकाएं एवं 70 टीचर प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गो में विभाजित की गई है जिसमें अंडर 14 और अंडर 17 वर्ष की छात्राएं भाग लेंगी अंडर 14 वर्ग में 15 टीमें एवं 17 वर्ष में 19 टीम भाग ले रही हैं कुल दोनों वर्ग में



86 मैच कराएं जाएंगे यह सभी मैच केंद्रीय विद्यालय के ग्राउंड एवं एल एन आई पी में आयोजित किए जा रहे हैं जहां कुछ मैच दूधिया रोशनी में भी होंगे यह ग्वालियर के लिए दूसरा मौका मिला है जब यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि श्री विवेक नारायण शेजवलकर के साथ विशेष अतिथि के रुप में एल एनआईपी के वाइस चांसलर विवेक पांडे एवं केंद्रीय विद्यालय के ही पूर्व छात्र सचिन पाल भी उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है प्राचार्य श्री द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता की प्रथम चरण समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर ग्वालियर श्रीमती शोभा सिकरवार एवं पूर्व क्षेत्र के विधायक सतीश सिकरवार होंगे वही द्वितीय चरण 1 से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा ।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्वालियर में गूंजेगी 'महाकाल लोक' की गूँज

**श्री महाकाल लोक के लोकार्पण अवसर पर शिवमय होगा ग्वालियर शहर में चार प्रमुख देवालयों में होंगे पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन कलेक्टर सिंह ने की तैयारियों की समीक्षा**

ग्वालियर। सांस्कृतिक पुनरूत्थान कार्यक्रम के तहत 11 अक्टूबर को ऐतिहासिक व पौराणिक धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ÷श्री महाकाल लोक÷ का लोकार्पण किया जायेगा। इस दिन ग्वालियर जिला भी सम्पूर्ण प्रदेश के साथ शिवमय होगा। जिलेभर में गाँव-गाँव व शहर-शहर के देवालयों में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु एकत्रित होकर शिव भजन, पूजन, कीर्तन व अभिषेक करेंगे। साथ ही मंदिरों में शंख ध्वनि होगी और घंटे-घड़ियाल वादन भी होगा। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक लेकर इस पवित्र आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने के निर्देश भी बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्वालियर शहर में चार पवित्र मंदिर परिसरों में इस दिन विशेष आयोजन होंगे। इनमें श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर परिसर, कोटेश्वर महादेव, गुप्तेश्वर महादेव एवं श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर शामिल हैं। पूजा-अर्चना के इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल होंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में विकासखंड भितरवार के अंतर्गत धूमेश्वर महादेव मंदिर परिसर और डबरा शहर में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में विशेष आयोजन होंगे। सायंकाल लगभग 6 बजे से इन देवालयों में पूर्जा-अर्चना के कार्यक्रम शुरू होंगे।

**अधिकारियों को निर्देश दिए :** कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्वालियर शहर में ÷श्री महाकाल लोक÷ के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित होने जा रहे चारों बड़े आयोजनों सहित अन्य स्थानों पर एलईडी की व्यवस्था भी अनिवार्यतः करें, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में आयोजित होने जा हरे ÷श्री महाकाल लोक÷ के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के निवासी भी देख सकें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर एच बी शर्मा व इच्छित गढ़पाले, नगर निगम के अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## हाईवे पर नशेड़ियों का हंगामा

**पुलिस को देख हंगामा करने वालों के उड़े होश, आधा दर्जन बदमाश पकड़े**

ग्वालियर। ग्वालियर में शराब पीकर सड़क पर लोगों को परेशान कर रहे आधा दर्जन नशेड़ियों के सामने जब पुलिस आकर खड़ी हुई तो एक पल में ही उनका नशा उतर गया। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित रूद्र ढाबे के सामने रात करीब साढ़े 11 बजे की है। हंगामा करने वालों ने पुलिस के पैरों में गिरकर माफी भी मांगी, लेकिन लोगों से की अभद्रता पर पुलिस ने उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। टीआई पुरानी छावनी सुधीर सिंह कुशवाह ने बताया कि रात सूचना मिली थी कि हाईवे स्थित होटल रूद्र के सामने आधा दर्जन युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहे हैं। यह लोग एक-दूसरे की मारपीट कर वहां से गुजर रहे लोगों को परेशान कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर वाहनों का जाम लगा हुआ था। कुछ लड़के हंगामा कर रहे थे। शराबी युवक आपस में मारपीट कर रहे थे और जो भी उन्हें समझाने का प्रयास कर रहा था, उनसे अभद्रता कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 6 लड़कों को पकड़ा है।

## किसानों को आसानी से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो :आयुक्त सिंह

**गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के अधिकारियों से की चर्चा**

ग्वालियर। किसानों को आसानी से खाद व बीज की उपलब्धता हो। अतिवर्षा के कारण किसानों को आ रही परेशानी से बचने के लिये कृषि विभाग कृषि विज्ञान केन्द्र से चर्चा कर एडवायजरी जारी करें। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से खाद-बीज की उपलब्धता एवं सीएम हैल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा के दौरान संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में किसानों को सोसायटी के माध्यम से एवं खुले बाजार के माध्यम से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी जिले में किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दिनों से हुई वर्षा के कारण फसलों पर भी असर पड़ा है। सभी जिलों में कृषि विभाग के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा बताई गई सावधानियों के संबंध में किसानों को सूचना जारी की जाए। कृषि विभाग का मैदानी अमला भी क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों को आवश्यक सलाह देने के साथ ही किसानों की फसल अगर प्रभावित हुई हो तो उसका सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने यह भी निर्देशित किया है कि किसानों द्वारा सीएम हैल्पलाइन में खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जो शिकायतें की हैं, उन सभी किसानों से विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझें और उनका निराकरण सुनिश्चित करें। गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद की उपलब्धता और वितरण के संबंध में जानकारी दी गई।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल का ग्वालियर आगमन 12 को

**कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल**

ग्वालियर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल 12 अक्टूबर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन प्रातः लगभग 10.25 बजे वायुमार्ग द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल मंगुभाई पटेल प्रातः 11 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 1.45 बजे महाराजपुरा विमानतल पहुँचकर वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## केन्द्रीय पुस्तकालय में साहित्य संगोष्ठी आज

ग्वालियर। महाराज बाड़ा स्थित शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय में 11 अक्टूबर को सायंकाल आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में साहित्य संगोष्ठी आयोजित होगी। संगोष्ठी का आयोजन शहर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्रीयुत श्रीधर पराड़कर के मुख्य आतिथ्य और डॉ. केशव पाण्डेय की अध्यक्षता में होगा। क्षेत्रीय ग्रंथपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार संगोष्ठी में ÷साहित्य की डायरी÷ कृति का विमोचन होगा। साथ ही वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान व आमंत्रित कवियों द्वारा काव्यपाठ भी किया जायेगा।

## सृष्टि बुरी नहीं है बल्कि हमारी दृष्टि बुरी है : मुनिश्री

ग्वालियर। सृष्टि तो बहुत अच्छी है लेकिन लोगों की दृष्टि खराब है जो अच्छा देखना ही नहीं चाहती। जो लोग यह कहते हैं कि संसार बहुत बुरा है, मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या तुम्हारी दृष्टि अच्छी है। आप जो देख रहे हैं उसमें डर लगे कि हमें कोई देख तो नहीं रहा, तो समझ लो कि तुम बहुत खराब नियत से काम कर रहे हो और तुम्हारी दृष्टि भी खराब है, और जिस चीज को देखने से किसी भी तरह का कोई भय न रहे समझ लेना कि आज तुमने बहुत अच्छा देखा है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज सोमवार को सोलह दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान के शुभारंभ पर माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478